दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 177
कोटद्वार मंगलवार
24 अक्टूबर 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## हौज में डूबने से डेढ़ साल की बच्ची की मौत

**ऋषिकेश।** नवरात्र के अंतिम दिन एक परिवार की खुशियां मातम में तब्दील हो गईं। घर के आंगन बनी हौज में डेढ़ साल की बच्ची गिर गई। बेसुध हालत में परिजन उसे लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचे, यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मुनिकीरेती पुलिस के मुताबिक सोमवार दोपहर दीपक सिंह राणा निवासी बड़ीर कौड़ियाला, नरेंद्रनगर की बेटी प्रतिमा घर के आंगन में खेल रही थी। अचानक वह आंगन में बने हौज में गिर गई। कुछ देर तक बेटी का पता नहीं चला, तो दीपक ने घर में तलाश की, इसके बाद वह बेसुध हालत में हौज के पानी में पड़ी मिली। आनन–फानन में परिवार के सदस्य उसे लेकर राजकीय चिकित्सालय पहुंचे। इलाज के दौरान चिकित्सकों ने प्रतिमा को मृत घोषित कर दिया।

## राजस्थान विस चुनाव: आचार संहिता लगने के बाद 14 दिनों में 216 करोड़ की अवैध सामग्री जब्त

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में आगामी 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव के मद्देनजर चुनाव आदर्श संहिता लगने के बाद गत 14 दिनों में प्रदेश में लगभग 216 करोड़ रुपए मूल्य की अवैध शराब, नगदी एवं अन्य सामग्री जब्त की गई है जो मात्र दो सप्ताह में ही पिछले विधानसभा चुनाव के पूरे समय में जब्त सामग्री से 305 प्रतिशत अधिक हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता के अनुसार प्रदेश में अलग–अलग एजेंसियों की ओर से जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी है। इनमें इस दौरान जयपुर जिले में सर्वाधिक 35. 20 करोड़ रुपए की अवैध सामग्री जब्त की गई जबकि भीलवाड़ा जिले में 14. 07 करोड़, बांसवाड़ा में 13 करोड़ 75 लाख, उदयपुर में 12 करोड़ 80 लाख, अलवर में 12. 80 करोड़, बाड़मेर में 10. 15 करोड़, जोधपुर में 10. 10 करोड़, चित्तौड़गढ़ में 9. 65 करोड़, सीकर में 7. 79 करोड़, हनुमानगढ़ में 7. 51 करोड़ एवं गंगानगर जिले में 7. 46 करोड़ मूल्य की अवैध शराब, नगदी एवं अन्य सामग्री जब्त की गई। इसी तरह अन्य जिलों में भी अवैध सामग्री जब्त की गई। उन्होंने बताया कि इस दौरान 1868 शिकायतें मिली और 278 एफआईआर दर्ज की गई।

## कन्या भोज के बहाने दो सगी बहनों को अगवा कर ले गई 2 महिलाएं, तलाश में जुटी पुलिस

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के कोतवाली थाना क्षेत्र से कन्या भोज के बहाने अगवा की गई दो सगी बहनों का घटना के दो दिन बाद भी पता नहीं चल सका है। पुलिस की टीमें लगातार उनकी तलाश में जुटी हुई हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के पीरगेट स्थित कर्फ्यू वाली माता मंदिर से दो सगी बहनों को कन्या भोज के बहाने दो महिलाएं ऑटो में ले गई। इसके बाद दोनों बहनें वापस नहीं लौटी। इसकी शिकायत कोतवाली थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल दोनों बच्चियों की तलाश में जुट गई, लेकिन आज सुबह तक दोनों बच्चियों का पता नहीं चल सका है।

पुलिस ने बताया कि मुकेश आदिवासी नामक एक व्यक्ति अपने परिवार के साथ लाल घाटी के समीप बरेला गांव में अपने एक रिश्तेदार के यहां रहकर मजदूरी करता है।

**बदला मौसम का मिजाज**

# धाम में बर्फबारी, हेमकुंड साहिब में जमीं चार इंच तक बर्फ

**बड़कोट ( उत्तरकाशी)।** यमुनोत्री धाम सहित आसपास की चोटियों पर बर्फबारी का सिलसिला जारी है। धाम में पहुंचे श्रद्धालुओं इस मनमोहक दृश्य का लुत्फ उठा रहे हैं। यमुनोत्री धाम से तीर्थ पुरोहित मनमोहन उनियाल ने बताया है कि धाम में एक घंटे से बर्फबारी के साथ ही ओले भी पड़ रहें हैं। दोपहर बाद रोजाना बारिश बर्फबारी से तापमान में गिरावट जारी है।



दूसरी तरफ बर्फबारी के बाद प्रसिद्ध हेमकुंड साहिब के प्राकृतिक सौंदर्य में निखार आ गया है। हेमकुंड साहिब के कपाट शीतकाल के लिए 11 अक्तूबर को बंद हो गए थे। कपाट बंद होने के बाद निरीक्षण के लिए श्री गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब ट्रस्ट की तीन सदस्यीय टीम हेमकुंड साहिब पहुंची।गुरुद्वारे के वरिष्ठ प्रबंधक सरदार सेवा सिंह ने बताया कि इस वक्त यहां चार इंच तक बर्फ जम गई है, यहां चारों ओर बर्फ ही बर्फ नजर आ रही है। उन्होंने बताया कि हेमकुंड साहिब के कपाट बंद होने के बाद गोविंदघाट से किसी भी आम व्यक्ति को हेमकुंड साहिब जाने की अनुमति नहीं दी जाती है। मौसम विज्ञान केंद्र ने उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में 23 और 24 अक्तूबर को हल्की बारिश की संभावना जताई है। हालांकि, अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। बीते पांच सालों के आंकड़ों पर नजर डाले तो सिर्फ साल 2022 में दशहरा पर्व के दिन पूरे प्रदेश भर में बारिश हुई थी। जिसके चलते रावण दहन के लिए इंतजार करने के साथ आयोजन स्थल पर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा था।

## राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को ''दशहरा'' पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सभी प्रदेशवासियों को ''दशहरा'' पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा है कि विजयदशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। यह त्योहार मनुष्य को अपने अंदर की बुराइयों को त्याग कर अच्छाइयों को अपनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने इस पर्व पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज में समरसता और भाईचारा बनाए रखने का आह्वान किया है। राज्यपाल ने कहा कि हम इस पर्व को आपसी भाई–चारा, शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मिलजुलकर मनायें।

## सच्चाई के रास्ते पर चलने की जरूरत : सीएम

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को विजयादशमी की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। विजयदशमी की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि विजयदशमी का पर्व अधर्म पर धर्म, बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जरूरत इस बात की है कि हम अपने जीवन में अहंकार से मुक्त होकर सच्चाई के रास्ते पर चलें और प्रदेश व देश की सामाजिक समरसता के लिए मिलजुल कर कार्य करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम सत्य, मर्यादा, न्याय, शांति, परोपकार और लोक कल्याण के लिए समर्पित थे। उनका जीवन हमें सद्मार्ग पर चलने एवं आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देता है। कहा कि विजयादशमी शक्ति उपासना का उत्सव भी है। सम्पूर्ण भारत में यह पर्व परंपरागत श्रद्धा भाव एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पर्व समृद्धशाली भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। यह पर्व हमें अपने अंदर की बुराई का नाश कर अच्छाई के पथ पर बढ़ने की भी प्रेरणा देता है।

## परिवार संग केदारनाथ दर्शन के लिए पहुंचे अखिलेश यादव

### एयरपोर्ट पर कार्यकर्ताओं की उमड़ी भीड़



**जौलीग्रांट ( देहरादून)।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव अपनी पत्नी डिंपल यादव और बच्चों के साथ इंडिगो की फ्लाइट से लखनऊ से देहरादून एयरपोर्ट पहुंचे। जहां से वह ताज होटल शिवपुरी के लिए रवाना हुए।

अखिलेश यादव अपनी पत्नी और बच्चों संग मंगलवार को केदारनाथ दर्शन को रवाना होंगे। वह परिवार संग शाम करीब 4:30 बजे देहरादून एयरपोर्ट पहुंचे। उनके आने की सूचना पर दर्जनों समाजवादी कार्यकर्ता एयरपोर्ट पर मौजूद रहे। एयरपोर्ट पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव और उनके परिवार का स्वागत किया। यहां उन्होंने भानियावाला निवासी साहिल कुरैशी को कजाकिस्तान में पावरलिफ्टिंग में बेहतर प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया।एयरपोर्ट पर बातचीत में अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तराखंड में उनका संगठन अधिक मजबूत नहीं है। लेकिन इस पर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि उनकी सरकार सत्ता में आती है तो खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर सरकारी नौकरियों में लाभ दिया जाएगा।

# उत्तराखण्ड को देश में हब के रूप में विकसित किया जाएगा : मुख्यमंत्री

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तर-ाखण्ड को फिल्म, पर्यटन के क्षेत्र में अनुकूल राज्य बनाना और राज्य मे फिल्म उद्योग के माध्यम से अधिकाधिक रोजगार के अवसर उत्पन्न कराना यही सरकार की प्राथमिकता। कहा कि देश में उत्तराखण्ड शूटिंग के लिए एक प्रमुख स्थान बन चुका है। आने वाले वर्षों में और अधिक फिल्मों का निर्माण उत्तराखण्ड में होने से होटल व्यवसायी के साथ ही पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों, टैक्सी कारोबारी व गाइडों को फायदा होगा।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को बलरामपुर हाउस नैनीताल में हिमश्री फिल्म और डिज्नी हॉटस्टार के संयुक्त तत्वाधान में बन रही वेब सीरीज 'काफल' की टीम को शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उत्तराखंड के लिए गर्व का विषय है कि काफल के सम्पूर्ण पौष्टिक गुणों को समेटते हुए उत्तराखंड की वास्तविकता को काफल वेबसीरिज में दर्शाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सिनेमा समाज का दर्पण होता हैं जो उस क्षेत्र विशेष की समस्त गतिविधियों को फिल्म के जरिए आम जन के सम्मुख रखता है।

उत्तराखंड अपनी नैसर्गिक सुंदरता, हिमालय पर्वत एवं नदियों से आच्छादित है उसी तरह यह वेबसीरीज अपने नाम के समान पहाड़ की भौगोलिक, सामाजिक, आधुनिक और सांस्कृतिक समरसता को समेटे हुए है। मुख्यमंत्री ने फिल्म निर्माताओं से उत्तराखंड की हसीन वादियों में आकर प्राकृतिक वातावरण का भरपूर लाभ उठाने के साथ ही फिल्म बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हाल ही में सरकार को बेस्ट फिल्म फ्रेंडली स्टेट का अवार्ड मिला है।




सरकार द्वारा ऑनलाइन अनुमति की व्यवस्था की गई है। इसके लिए राज्य सरकार अन्य राज्यों की फिल्म पॉलिसी का भी अध्ययन कर अधिक बेहतर बनाने की दिशा में कार्यरत और प्रयासरत है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कुमाऊंनी, गढ़वाली एवं जौनसारी फिल्मों, वेब सीरीज आदि के लिए 50 प्रतिशत सब्सिडी स्वीकृत की गई है। इससे स्थानीय कला एवं संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा साथ ही अनेक क्षेत्रों में रोजगार का भी सृजन होगा।

कॉमेडी पर आधारित काफल वेब सीरीज उत्तराखंड के विभिन्न किरदारों को लेकर बनाई जा रही है। काफल एक प्रयास है पुनः उत्तराखंड से उत्तराखंडवासियों को जोड़ने का। वेबसीरिज में 150 स्थानीय कलाकार जुड़े है, साथ ही पहाड़ के संगीत, खूबसूरती को शो के जरिए विश्व को दिखाया जायेगा।

काफल वेबसीरीज में दिव्येंदु शर्मा, मुक्ति मोहन, विनय पाठक, कुशा कपिला सहित अनेक कलाकार शामिल है। प्रेम मिस्त्री के कुशल निर्देशन में इस समूह में आयुषि, हेमंत पांडे और इश्तियाक खान जैसे कलाकार भी शामिल है। इस अवसर पर विधायक श्रीमती सरिता आर्या, राम सिंह कैडा, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, आयुक्त दीपक रावत, डीआईजी डॉ. योगेन्द्र सिंह रावत, जिलाधिकारी श्रीमती वंदना, एसएसपी पीएन मीणा के साथ ही काफल वेब सीरीज के किरदार एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## 'जिसने मेरी तारीफ की, बीजेपी ने उसको सजा दी': गहलोत

**जोधपुर, एजेंसी।** राजस्थान में चुनावी माहौल के बीच अब राजनीतिक हलचलें तेज होने लगी हैं। इस बीच मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने चुनावी जनसंपर्क के तहत जोधपुर पहुंचकर कहा कि भाजपा खेमे से जिस–जिसने उनकी तारीफ की है, पार्टी ने उनको सजा दी है।



अशोक गहलोत ने कहा कि मेरे कारण वसुंधरा राजे और कैलाश मेघवाल के साथ सूरसागर विधायक सूर्यकांता व्यास को तकलीफ हुई। गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पर भी जुबानी हमला बोला है। अशोक गहलोत ने कहा कि लोग बचपन से ही मेरी फकीरी को देख चुके हैं। 40 साल से सर्किट हाउस में रुक रहा हूं। जो फ्लैट एमपी और एमएलए सभी के पास होते हैं, वो मेरे पास भी हैं, जो रहने लायक नहीं हैं। मोदी ने कहा था कि मैं अशोक गहलोत से ज्यादा ईमानदार हूं। तब मुझे कहना पड़ा कि मैं आपसे ज्यादा फकीर हूं। वह प्रधानमंत्री हैं और मैं एक राज्य का मुख्यमंत्री हूं।

अशोक गहलोत ने जोधपुर से जनसंपर्क का आगाज किया है। जोधपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से रूबरू होते हुए अशोक गहलोत ने टिकट वितरण को लेकर कहा कि मेरे कारण वसुंधरा राजे और कैलाश मेघवाल के साथ सूरसागर विधायक सूर्यकांता व्यास को तकलीफ हुई।

### राजे को भी तकलीफ उठानी पड़ी

गहलोत ने सूर्यकांता व्यास की सूरसागर से टिकट काटे जाने पर कहा कि जिन्होंने मेरी तारीफ की और अच्छा व्यवहार किया, उन्हें भाजपा ने सजा दी। अब जीजी को भी सजा मिल गई। मेरे बारे में दो बार कमेंट कर दिया, आशीर्वाद दे दिया और इसके लिए सजा दी गई। सूर्यकांता की इस उम्र में और भी लोग टिकट ले रहे हैं।

सात सांसदों को मैदान में उतार देने पर गहलोत ने पूछा कि क्या भाजपा के पास एक भी कार्यकर्ता नहीं है। बीजेपी में टिकट वितरण को लेकर हुए विवाद पर तंज कसते हुए सीएम ने कहा कि पार्टी में घमासान हो रहा है।

प्रदेश में पहली बार ऐसा देखा जा रहा है कि तोड़फोड़ और आगजनी के साथ अर्थी निकल रही है। गुजरात मॉडल को लेकर जो राजस्थान में प्रयास किया गया था, वो फेल हो गया है।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पर निशाना साधा। उन्होंने संजीवनी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी से जुड़े मामले में करोड़ों रुपये के घोटाले में शेखावत के बयानों का जिक्रकरते हुए कहा कि यदि वह दोषी नहीं हैं तो वह जमानत लेने क्यों गए? केंद्रीय मंत्री को डरपोक बताते हुए उन्होंने एसओजी के पेश किए गए चालान पर रोक लगाने को लेकर हाई कोर्ट में याचिका दायर किये जाने की बात कही है।

गहलोत ने कहा कि केंद्रीय मंत्री एक बहुत बड़ा पोर्टफोलियो होता है, लेकिन इसका लाभ राजस्थान की जनता को नहीं मिला। ईआरसीपी को शेखावत राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं करवा पाए।

## बेतालघाट में दिन दहाड़े बुजुर्ग पर झपटा गुलदार

**नैनीताल।** बेतालघाट क्षेत्र में गुलदार की दहशत दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। सोमवार सुबह करीब 10 बजे हल्दिया गांव निवासी घनश्याम जोशी (62) बकरी चराने सैम मंदिर के पास गए थे। इस बीच पहले से घात लगाए बैठे गुलदार ने उन पर हमला कर दिया। वहीं पास में घास काट रही महिलाओं के शोर मचाने पर गुलदार उन्हें छोड़कर भाग निकला। इसके बाद परिजन घायल बुजुर्ग को लेकर सीएचसी बेतालघाट पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उनका उपचार कर उन्हें घर भेज दिया। सीएचसी में तैनात डॉक्टर रतन दीप ने बताया, बुजुर्ग के मुंह पर गुलदार का पंजा लगने से एक होट फट गया था जिसका उपचार किया गया। वहीं ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग ने गांव में पिजरा लगा दिया है।

## बिशन सिंह बेदी के निधन पर शोक की लहर, पीएम बोले– उनके जाने से गहरा दुख हुआ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के महान स्पिनर बिशन सिंह बेदी का निधन सोमवार (23 अक्तूबर) को हो गया। उन्होंने 77 साल की आयु में अंतिम सांस ली। बेदी ने भारत के लिए 67 टेस्ट और 10 वनडे खेले थे। इन दोनों फॉर्मेट में उन्होंने क्रमशः 266 और सात विकेट लिए थे। बेदी के निधन से क्रिकेट जगत को बड़ा नुकसान हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के साथ–साथ कई बड़ी हस्तियों ने शोक जताया। वहीं, बीसीसीआई ने कहा कि पूर्व कप्तान के निधन से बड़ी क्षति हुई है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेदी के निधन पर शोक जताया। उन्होंने कहा, "प्रसिद्ध क्रिकेटर श्री बिशन सिंह बेदी जी के निधन पर गहरा दुख हुआ। खेल के प्रति उनका जुनून अटूट था और उनके अनुकरणीय गेंदबाजी प्रदर्शन ने भारत को कई यादगार जीतें दिलाईं। वह क्रिकेटरों की भावी पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदनाएं।" अमित शाह ने एक्स (ट्विटर) पर लिखा, "महान स्पिनर और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान बिशन सिंह बेदी जी के निधन से गहरा दुख हुआ। बेदी जी न केवल क्रिकेट जगत में अपने योगदान के कारण बल्कि पिच पर जादू बिखेरने वाले कुशल गेंदबाजी के उस्ताद के रूप में भी हमारी यादों में जीवित रहेंगे।

## जम्मू–कश्मीर : उरी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, सुरक्षाबलों ने मार गिराए दो आतंकी

**श्रीनगर, एजेंसी।** सुरक्षाबलों ने रविवार को जम्मू–कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास घुसपैठ की कोशिश नाकाम की और दो आतंकियों को मार गिराया।

श्रीनगर स्थित रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि खुफिया एजेंसियों और जम्मू–कश्मीर पुलिस को 21 अक्टूबर को सीमा पार से भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों द्वारा उरी सेक्टर में घुसपैठ की विशिष्ट जानकारी प्राप्त हुई थी, जिसके आधार पर सैनिकों को हाई अलर्ट पर रखा गया था और ऑपरेशन नरसिम्हा भैरव के अंतर्गत घुसपैठ रोधी ग्रिड को मजबूत किया गया था।

प्रवक्ता ने कहा कि लगातार बारिश और खराब दृश्यता के कारण खराब मौसम का फायदा उठाते हुए हथियारबंद आतंकवादियों के एक समूह ने नियंत्रण रेखा के पार घुसपैठ करने की कोशिश की। दोपहर लगभग तीन बजे सतर्क सैनिकों ने उस समूह को रोक लिया, जिसके बाद दोनों ओर से भारी गोलीबारी हुई।

उन्होंने कहा कि भीषण गोलीबारी आखिरी समय तक जारी रही जिसमें दो आतंकवादी मारे गए।

# गाजा न छोड़ने वाले भी आतंकवादी, इन नागरिकों को विवादित क्षेत्र से हटने को चेतावनी जारी

**तेल अवीब, एजेंसी।** इजरायल–हमास के बीच जारी जंग के 16वें दिन रविवार को इजरायल ने गाजा पट्टी पर हमले और तेज कर दिए। हमास के खिलाफ एयर स्ट्राइक की जा रही है। ऐसे में आम नागरिकों को ज्यादा नुकसान नहीं हो, इसको लेकर अब इजरायल ने फिलिस्तीनियों को नॉर्थ गाजा को छोडक़र दक्षिण की ओर जाने के लिए नई चेतावनी जारी की है। इजरायली सेना की ओर से जारी इस चेतावनी में साफ और स्पष्ट कर दिया गया है कि अगर कोई ऐसा नहीं करता है, तो उसे आतंकवादी संगठन का मददगार समझा जाएगा। इजरायली सेना की ओर से जारी कार्ड मैसेज को इजरायली रक्षा बलों और लोगो के साथ चिन्हित किया गया है। इतना ही नहीं, इस तरह का संदेश गाजा पट्टी में मोबाइल फोन में ऑडियो मैसेजों के जरिए भी लोगों को सर्कुलेट किया गया है। इन संदेशों में कहा गया है कि वादी गाजा के नॉर्थ में आपकी मौजूदगी जीवन को खतरे में डाल सकती है। सेना ने साफ किया है कि अगर कोई भी उत्तरी गाजा को छोडक़र दक्षिण की तरफ मूव नहीं करता है, तो उसको आतंकवादी संगठन के एक सहयोगी के रूप में देखा जा सकता है।



गाजा का एक हिस्सा दक्षिणी गाजा और दूसरा हिस्सा नॉर्थ गाजा कहलाता है। यह संदेश ऐसे समय में जारी किया गया है, जब इजरायल ने गाजा पर हवाई हमले करने शुरू कर दिए हैं। इजरायली सेना का कहना है कि उसका उन लोगों पर किसी तरह को कोई अटैक करने या निशाना बनाने का इरादा नहीं है, जिनको आतंकवादी समूह का सदस्य नहीं माना है। उधर, गाजा छोडक़र दक्षिण की ओर जाने वाले कई परिवारों का कहना है कि दक्षिण गाजा में इजरायली हवाई हमलों के दौरान उन्होंने अपने कई रिश्तेदारों को खो दिया है। आंतरिक क्षेत्र पर रात भर हुए इजरायली हवाई हमलों में 50 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत भी हो गई है। हमास ने भी दावा किया है कि इजरायल के हवाई हमलों में 31 मस्जिदें और तीन चर्च तबाह हुए हैं। गाजा पट्टी पर इजरायली हवाई हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या बढक़र 4,651 हो गई है। हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को बताया कि तटीय इलाके में 14,245 फिलिस्तीनी घायल हुए हैं। पीड़ितों में 1,873 बच्चे और 1,023 महिलाएं हैं। मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल–केदरा ने कहा कि पिछले 24 घंटों में गाजा में इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 266 फिलिस्तीनी मारे गए। इजरायल ने कहा कि हिजबुल्ला के बढ़ते हमलों से लेबनान को बेवजह युद्ध में घसीटे जाने का खतरा है। ईरान समर्थित आतंकवादी समूह के इजरायल पर नए सिरे से किए गए सीमा पार हमलों से व्यापक संघर्ष की आशंका बढ़ गई है।

## निधन पर जताया रोष

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : आर्य समाज, झंडीचौड़ पूर्वी ने आर्य समाजी विमल तोमर के निधन पर शोक व्यक्त किया है। सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा शांति के लिए प्रार्थना की। सदस्यों ने कहा कि किशनपुरी निवासी विमल तोमर का हृदय गति रुकने से निधन हो गया था। कहा कि समाज सेवा में दिए गए विमल के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। शोक व्यक्त करने वालों में सौरभ ध्यानी, आशीष केष्टवाल, मदनमोहन कुकरेती आदि मौजूद रहे।

## महासम्मेलन 29 को

**कोटद्वार** : महिला पतंजलि योग समिति की ओर से 29 अक्टूबर को महिला महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। महिला जिला प्रभारी सोनिया ध्यानी ने बताया कि कार्यक्रम देवी रोड स्थित एक बारात घर में होगा। जिसमें मुख्य अतिथि महिला पतंजलि मुख्य केंद्रीय प्रभारी डा. साध्वी देव प्रिया होंगी।

## विद्यालयों में रिक्त चल रहे चतुर्थ श्रेणी के पदों को भरने की मांग

**कोटद्वार** : सोमवार को संघ की बैठक आयोजित की गई। संघ के प्रवक्ता अरविंद दुदपुड़ी ने कहा कि चुनाव के दौरान जनता से सरकारी विभागों में रिक्त पड़ें पदों को भरने की बात कही गई थी। लेकिन, अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है। नतीजा प्रदेश के युवा उच्च डिग्री लेने के बाद भी इधर-उधर भटक रहे हैं। कहा कि सरकार को सबसे पहले विद्यालयों में रिक्त चल रहे चतुर्थ श्रेणी के पदों को भरने पर ध्यान देना चाहिए। साथ ही पर्वतीय क्षेत्र के युवाओं को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। कहा कि सरकार आउटसोर्स एंजेसी का चयन करने के बाद इन पदों पर नियुक्त करना भूल ही गई है। संघ ने उत्तराखंड पुलिस कांस्टेबल भर्ती के लिए अधिकतम आयु 25 वर्ष करने की भी मांग उठाई। कहा कि सरकार को बेरोजागर युवाओं के हित में कार्य करना चाहिए। इस मौके पर भाष्कर नेगी, प्रदीप नेगी, दीपक डोबरियाल, मोहित ठाकुर, नवीन, बबीता, साक्षी नेगी, अंजली नेगी, पूनम अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## ओमप्रकाश को किया नामित

**पौड़ी** : विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी ने ओमप्रकाश जुगरान को बैठकों में प्रतिभाग करने के लिए नामित किया है। ओमप्रकाश जुगरान ने बताया कि विधायक कई बार विकास कार्यों के निरीक्षण के लिए भ्रमण में रहते हैं। जिसके चलते वे बैठकों में हिस्सा नहीं ले पाते हैं। जिसके चलते उन्हें बैठकों में हिस्सा लेने के लिए नामित किया है।

## नवरात्र पर किया कन्या पूजन

**श्रीनगर गढ़वाल** : नवरात्र पर नवमी को देवी मंदिरों व घरों मे कन्या पूजन हुआ। भक्त धार्मिक अनुष्ठान में शामिल हुए। कन्याओं को भोजन कराकर उन्हें उपहार भेंट किए। नगर के कंसमर्दिनी मंदिर, बगलामुखी मंदिर, धारी देवी मंदिर, देवलगढ़ स्थित राज राजेश्वरी मंदिर व गौरा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। धारीदेवी मंदिर में भीड़ को देखते हुए व्यवस्थाओं को बनाने के लिए पुलिस तैनात रही।

देवलगढ़ स्थित राजराजेश्वरी मंदिर के पुजारी कुंजिका प्रसाद उनियाल ने बताया कि नवरात्र को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह रहता है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचकर मां भगवती का पूजन-अर्चना करते हैं। (एजेंसी)

# गोखले मार्ग में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान, काटे चालान

जयन्त प्रतिनिधि

**कोटद्वार** : शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। सोमवार को पुलिस ने गोखले मार्ग में पहुंचकर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाते हुए चालान काटे। इस दौरान पुलिस ने अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी दी।

सोमवार को पुलिस की ओर से गोखले मार्ग में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जैसे ही पुलिस मार्ग में पहुंची अतिक्रमणकारियों में अफरा-तफरी मच गई। रेहड़ी-ठेली व फड़ वाले अपना सामान लेकर गलियों में दौड़ने लगे। इस दौरान पुलिस ने नाली के बाहर सड़क पर दुकान सजाने वाले 16 अतिक्रमणकारियों के चालान काटे। अभियान के दौरान गोखले मार्ग पूरी



कोटद्वार के गोखले मार्ग में अभियान चलाती पुलिस

तरह साफ हो गया था। लेकिन, पुलिस के वापस थाने लौटते ही स्थिति दोबारा बिगड़ गई। सड़क पर सजी दुकानों के कारण आमजन का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया था। शहर वासियों का आरोप है कि पुलिस अतिक्रमण हटाओ अभियान के नाम पर केवल खानापूर्ति कर रही है। जबकि, पुलिस कर्मियों को समय-समय पर गश्त कर अतिक्रमणकारियों पर नजर रखनी चाहिए।

## नवमी पर किया कन्या पूजन, बांटा प्रसाद

**पौड़ी** : नवमी का पर्व जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। शहर के साथ ही ग्रामीण इलाकों में नवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। शक्ति की आराधना के पर्व नवरात्र के अंतिम दिन सोमवार को नवमी मनाई गई। नवरात्र में चल रहे धार्मिक कार्यक्रमों का समापन कर पूर्णाहुति की गई। जगह-जगह कन्या पूजन और भंडारों का आयोजन किया गया। राठ क्षेत्र के कोठला, सैंजी, बुरासी, पाबौ, बनेख, मणकोली में नवमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने श्रद्धा से कन्या पूजन करवाया। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र नौटियाल ने बताया घर और मंदिरों में कन्या पूजन किया गया।

## विद्यार्थियों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**कोटद्वार** : नई शिक्षा नीति के तहत जनपद के प्राथमिक विद्यालयों में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। नीति के तहत 28 सितंबर से 11 दिसंबर तक स्कूलों में भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश के विभिन्न प्रांतों की भाषा व खानपान के संबध में बच्चों को जानकारी दी जा रही है। इस कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय भाषाओं और टेक्नोलॉजी के उपयोग के माध्यम से भाषा सीखने को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का समापन 11 दिसंबर को राष्ट्रवादी तमिल कवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती पर होगा।

इस क्रम में जयहरीखाल ब्लाक के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय मेरुड़ा में कार्यक्रम की एक थीम अपने परिवेश को जानना के अंतर्गत बच्चों ने विभिन्न प्रकार की पोशाकें पहनकर गतिविधियां करते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया। साथ ही सभी विद्यार्थियों ने दक्षिण भारतीय राज्य तमिलनाडु के बारे में जाना। साथ ही बच्चों को इडली, डोसा व सांभर आदि व्यंजन भी परोसे गए। इस दौरान विद्यालय प्रधानाध्यापक राजीव थपलियाल, शिक्षिका रिद्धि भट्ट, ग्राम सभा प्रधान दीनदयाल जदली, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अनुसूया प्रसाद जदली, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद व सुनीता देवी, अनीता देवी, रंजना देवी व सुषमा देवी सहित अन्य अभिभावक मौजूद रहे।

# युवाओं को रोजगार से जोड़ने का काम कर रही सरकार : विपिन

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विपिन कैंथोला ने कहा कि उत्तराखंड के औद्योगिक विकास के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की दुबई-आबूधाबी और लंदन यात्रा से उत्तराखंड प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार सुनिश्चित करने का भागीरथी प्रयास साबित होगा। सरकार युवाओं को बेहतर रोजगारण से जोड़ने के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है।

कैंथोला ने कहा कि दोनों देशों के दौरे के दौरान उद्योगपतियों से हजारों करोड़ के एमओयू किये गये हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री परिश्रम की इस परकाष्ठा में जनता का आशीर्वाद उनके साथ है और यह इन्वेस्टर समिट उत्तराखंड का दशक लाने वाला साबित होगा। उनका यह कार्य उत्तराखंड राज्य में रोजगार और विकास वृद्धि की राह में मील का पत्थर बनने वाला महत्वपूर्ण कार्य साबित होगा। उन्होंने कहा राज्य को सर्वश्रेष्ठ बनाना है तो युवाओं को सशक्त बनाना होगा। जिसके लिए बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की आवश्यकता है, जो सिर्फ सरकारी नौकरियों से संभव नहीं है। कैंथोला ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा हैं और युवाओं की पीड़ा को भली-भांति समझते हैं। लिहाजा वे प्रयाप्त संख्या में सक्षम रोजगार पैदा करने के लिए राज्य में निवेश के महत्व को भी अच्छी तरह समझते हैं। यही वजह है कि वे उत्तराखंड के युवाओं को अपने राज्य के भीतर ही रोजगार मिल सके इस पर कार्य कर रहे है। कैंथोला ने विपक्ष की तमाम टीका टिप्पणियों को सिरे से नकारते हुए कहा कि जनता देख रही है कि उनका मुख्य सेवक राज्य के विकास और युवाओं के रोजगार के लिए कोशिशों की पराकाष्ठा कर रहा है। उन्होंने बताया कि सीएम ब्रिटेन व दुबई गए और कई हजार करोड़ के प्रस्ताव लेकर लौटे, ऐसे में उम्मीद है कि इस बार उत्तराखंड में निवेशकों के निवेश के बड़े रिकॉर्ड पैमाने पर निवेश के एमओयू हम करने जा रहे हैं। कैंथोला ने विश्वास जताते हुए कहा दिसंबर में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर समिट तक हम 2.5 लाख करोड़ औधौगिक निवेश के लक्ष्य को अवश्य पूरा कर लेंगे।

## वन संरक्षक ने पैदल ट्रेक का किया निरीक्षण, सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

पौड़ी : वन संरक्षक गढ़वाल पंकज कुमार ने पौड़ी रेंज के केवर्स से झंड़ीधार, बुवाखाल, अदवाणी से रानीगड तक पैदल ट्रेक का निरीक्षण किया। वन संरक्षक पंकज कुमार ने इसके साथ ही गहड गांव पहुंचकर पंचायत घर में ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना। ग्रामीणों ने वन्य जीवों से आ रही दिक्कतों से निजात दिलाने की बात कहीं। पंकज कुमार ने बताया कि जगह-जगह से गुलदार के सक्रिय होने व रिहायसी इलाकों में गुलदार को देखे जाने की समस्याओं के समाधान के लिए विभाग सतर्क है। गुलदार जिन जगहों पर अधिक देखा जा रहा है या बार बार सक्रिय हैं, ऐसे स्थानो को चिह्नित किया गया है। उप वन संरक्षक गढ़वाल वन प्रभाग स्वप्निल अनिरुद्ध ने ग्रामीणों से कहा कि मानव वन्य जीव संघर्ष को कम करने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है।

# सोलर कम्युनिटी हब वैन का हुआ शुभारंभ

**कोटद्वार** : विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने सोमवार को विधानसभा कोटद्वार के किशनपुरी में सोलर कम्युनिटी हब वैन का रिबन काटकर शुभारंभ किया।



कोटद्वार में सोलर कम्युनिटी हब का शुभारंभ करती विस अध्यक्ष

डेल टेक्नोलॉजी इंडिया और कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) द्वारा प्रायोजित इस वैन के माध्यम से स्कूली बच्चों, महिलाओं और अन्य सभी लोगों को साइबर क्राइम से बचाव, डिजिटल शिक्षा, कोडिंग व कंप्यूटर नॉलेज दिया जायेगा। यह लर्निंग वैन स्वचालित डिजिटल और वित्तीय साक्षरता, साइबर सुरक्षा और कोडिंग शिक्षण सामग्री से सुसज्जित हैं। यह वैन शहर के चौराहों और शिक्षण संस्थानों में छात्रों को डिजिटल ज्ञान देने का कार्य करेगी।

इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ने वैन संचालित करने वाले अधिकारियों को कोटद्वार के प्रत्येक स्कूलों में जाने और सभी को साइबर सुरक्षा पर जानकारी देने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर मनोज पांथरी, वीरेंद्र भारद्वाज, कुबेर जलाल, गणेश केस्टवाल, अनिल गौड़, कैलाश खुल्बे, विनोद धूलिया और अनीता गौड़ आदि मौजूद रहे।

# अंगद रावण संवाद ने मोहा दर्शकों का मन

**श्रीनगर गढ़वाल** : आदर्श रामलीला समिति श्रीनगर के तत्वावधान में चल रही रामलीला के आठवें दिन अंगद रावण संवाद लीला का मंचन किया गया। लीला के दौरान दिखाया गया कि विभीषण की श्रीराम भक्ति से नाराज रावण उनको लंका से निकल जाने का फरमान सुनाता है। जिस पर विभीषण प्रभु श्रीराम की शरण में जाते हैं। इसके बाद वानर सेना के साथ श्रीराम-लक्ष्मण समुद्र के किनारे जाते हैं और समुद्र से लंका में प्रवेश करने के लिए रास्ता मांगते हैं। काफी विनती के बाद भी जब समुद्र रास्ता नहीं देता है तो क्रोधित होकर श्रीराम अपने धनुष पर बाण चढ़ाते हैं। डरा हुआ समुद्र श्रीराम के समक्ष प्रकट होता है और क्षमा प्रार्थना करता है। इसके बाद श्रीराम समुद्र तट पर ही भगवान शंकर का पूजन कर रामेश्वरम की स्थापना करते हैं इसके बाद वानर सेना समुद्र पर पत्थर का पुल बनाती है। श्रीराम अंगद को दूत बनाकर लंका भेजते हैं। अंगद रावण दरबार में पहुंचते हैं और रावण से संवाद करते हैं। अंगद शर्त रखते हैं कि कोई मेरा पैर टस से मस कर दे तो मैं मान जाऊंगा कि आप श्रीराम को पराजित कर सकते हैं। कोई भी अंगद का पैर नहीं हिला पाता। रावण पांव डिगाने के लिए उठता है तो अंगद समझाते हैं कि अगर आप मेरी जगह श्रीराम का पैर पकड़ते तो आपका कल्याण हो जाता। इससे पहले आठवें दिन की रामलीला का शुभारंभ उघोग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष वासुदेव कंडारी और वरिष्ठ दंत रोग विशेषज्ञ डा. केके गुप्ता ने किया। इस अवसर पर आदर्श रामलीला समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कैंतुरा, सचिव दीपक उनियाल सहित आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# लक्ष्मण को लगी शक्ति, हनुमान लाए संजीवनी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : रामलीला कमेटी दुगड्डा की ओर से दुगड्डा में आयोजित रामलीला के नौवें दिन रविवार को लक्ष्मण शक्ति लीला का मंचन किया गया। लीला का आरंभ पूर्व प्रधानाचार्य राम प्रसाद बडोला ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

लीला का आरंभ भगवान शंकर की झांकी और भजनों से किया गया। तत्पश्चात लीला में अशोक वाटिका में रावण-सीता संवाद से हनुमान का अशोक वाटिका में प्रवेश व माता सीता की कुशल क्षेम पूछना, हनुमान का सीता माता की अनुमति पर वाटिका में फल खाना व वाटिका को उजाड़ना, रावण तक यह खबर पहुंचना, रावण का अक्षय कुमार को भेजना,



दुगड्डा में आयोजित रामलीला में मंचन करते कलाकार

अक्षय कुमार का हनुमान से युद्ध में मारा जाना, रावण का मेघानाद को भेजना और मेघनाद का हनुमान को ब्रह्म शक्ति से बंदी बनाकर दरबार में ले जाना, राक्षसों का हनुमान की पूंछ में आग लगाना, हनुमान का लंका दहन करना, मेघनाथ लक्ष्मण युद्ध और युद्ध में लक्ष्मण के मूर्छित होने तक की लीला का मंचन किया गया। लीला संचालन में नितेश ठाकुर, संजीव कोटनाला, प्रदीप बडोला, वीरेंद्र शाह और अनूप गुप्ता आदि ने भी सहयोग दिया।

## मानव सेवा ही प्रेम प्रकाश मंडल की परम्परा: भगत प्रकाश

हरिद्वार। प्रेम प्रकाश मंडल के अध्यक्ष भगत प्रकाश ने कहा कि मानव सेवा ही प्रेम प्रकाश मंडल की परम्परा रही है। उन्होंने कहा कि सदगुरू स्वामी सर्वानन्द महाराज त्याग, तपस्या की साक्षात प्रतिमूर्ति थे। यह बातें उन्होंने अस्थाई चिकित्सालय के शुभारंभ करते हुए कही। प्रेम प्रकाश आश्रम में सद्गुरू स्वामी सर्वानन्द महाराज के 127वें जन्मोत्सव के अवसर पर अस्थायी चिकित्सालय का शुभारम्भ किया गया। 24 अक्तूबर से 28 अक्तूबर 2023 तक चलने वाले 127वें जन्मोत्सव के पूर्व दिवस भक्तों व स्थानीय निवासियों की सुविधार्थ अस्थायी चिकित्सालय का शुभारंभ किया।

भगत प्रकाश ने कहा कि सदगुरु स्वामी सर्वानन्द महाराज सिंध से सेवकों के साथ पैदल हरिद्वार आकर गंगा स्नान व प्रवचन किया करते थे। उन्होंने सिंध प्रांत तक सनातन संस्कृति का प्रचार–प्रसार किया। उनकी सेवा परम्परा को प्रेम प्रकाश मंडल निरन्तर आगे बढ़ा रहा है। उनके 127वें जन्मोत्सव पर पांच दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें देश–विदेश से हजारों की संख्या में श्रद्धालु भागीदारी करेंगे। संत हिमांशु ने कहा कि अस्थायी चिकित्सालय का शुभारम्भ होने के पश्चात 24 अक्तूबर को प्रेम प्रकाश ग्रंथ व श्रीमद् भागवत गीता का पाठ प्रारम्भ होगा। साथ ही हवन एवं ध्वजा वंदन, आरोहण किया जायेगा। 25 अक्तूबर से 27 अक्तूबर तक प्रतिदिन सत्संग, प्रवचन व आरती का आयोजन होगा। 28 अक्तूबर को गुरू पूजा पाठ का पारायण भोग, भण्डारा 56 भोग पश्चात उत्सव का समापन होगा।

# माता श्याम सुंदरी मंदिर में उमड़ी भीड़, भक्तों ने लिया आशीर्वाद



यमकेश्वर के सिद्धपीठ माता श्याम सुंदरी मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु ।

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : यमकेश्वर के सिद्ध पीठ माता श्याम सुंदरी मंदिर में भव्य जागरण का आयोजन किया गया। श्रद्धालु माता के भजनों पर झूमते हुए नजर आए। इस दौरान मंदिर में माता की विशेष पूजा-आराधना भी की गई। माता के दर पर ग्रामीणों के साथ ही बड़ी संख्या में प्रवासी भी मौजूद थे।

देवी डांडा स्थित श्याम सुंदरी मंदिर में नवरात्र पर पूजा-अर्चना की गई। सोमवार को हवन में पूर्णाहुति के दौरान श्रद्धालुओं ने माता से अपने परिवार व देश के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर समिति के अध्यक्ष रूप चंद्र लखेड़ा ने कहा कि माता श्याम सुंदरी से सैकड़ों भक्तों की आस्था जुड़ी हुई है। प्रति वर्ष नवरात्र में माता के मंदिर में मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता का आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचते हैं। मेले के दौरान मंदिर में भंडारा भी होता है। मेले में जागरण के साथ मन्नाण भी लगाए गए। इस मौके पर मंदिर समिति के सचिव सुभाष लखेड़ा, कोषाध्यक्ष विनय मोहन आदि मौजूद रहे।

## साधक के जीवन शैली सुधारती है साधना: डॉ. पण्ड्या

हरिद्वार। देवसंस्कृति विश्वविद्यालय में कुलाधिपति डॉ. प्रणव पण्ड्या ने कहा कि साधक को साधना के दौरान आहार विहार को संयमित रखना चाहिए। साधना साधक के जीवन शैली को सुधारती है। साधना में दुष्कर से दुष्कर प्रारब्ध को काटने या कम करने की शक्ति विद्यमान है। भगवान को पाने के लिए अंतःकरण में अटूट निष्ठा एवं अनवरत साधना करने का धैर्य होना चाहिए। यह बातें उन्होंने नवरात्र साधना में जुटे साधकों को संबोधित करते हुई कही। डॉ. पण्ड्या ने कहा कि जीवन साधना को इतना प्रखर व प्राणवान बनायें, जिससे भगवान की कृपा आप पर सदैव बनी रहे और आपको इच्छित फल की प्राप्ति हो। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साधनात्मक, व्यावहारिक एवं सैद्धान्तिक जिज्ञासों का समाधान किया। साथ ही जीवन साधना तथा विद्यार्थी जीवन में सफलता के विविध सूत्रों की जानकारी दी। इससे पूर्व संगीत विभाग के भाइयों द्वारा प्रस्तुत गीत 'कर रहे हैं साधना हम, शक्ति गुरुवर आप देना... ने उपस्थित साधकों को भक्तिभाव में झूमने के लिए विवश किया।

# रावण की सोने की लंका दहन का दृश्य रहा आकर्षण का केंद्र

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : रामलीला की आठवीं संध्या मां सरस्वती की वंदना से शुरू हुई। भाव नृत्य में मिहिका रावत ने मनमोहक प्रस्तुति दी। रामलीला अशोक वाटिका में रावण सीता संवाद से होते हुए सीता हनुमान भेंट, हनुमान द्वारा अशोक वाटिका विध्वंस, मेघनाद हनुमान युद्ध, रावण हनुमान संवाद, लंका दहन, हनुमान का सीता से विदा मांगना और राम हनुमान संवाद तक मंचित की गई। रावण की सोने की लंका दहन का दृश्य काफी आकर्षक रहा।

अशोक वाटिका में रावण सीता संवाद में सीता का गायन अरे रावण तू धमकी दिखाता किसे, तुझको होने की अपनी खबर ही नहीं पर शानदार अभिनय ने दर्शकों की खूब ताली बटोरी। मेघनाद की भूमिका में अंकित रावत और हनुमान की भूमिका में डा. मदन मोहन नौडियाल का सशक्त अभिनय ने संवाद को रोचक बनाया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि सचिव, क्रियान्वयन एवं नियोजन उत्तराखंड शासन दीपक कुमार गैरोला ने कहा कि पौड़ी की रामलीला आज भी अपनी पौराणिक संस्कृति को जीवित रखते हुए बड़े अनुशासित तरीके से आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि उनकी शिक्षा पौड़ी मे ही हुई है तब भी वह रामलीला देखने आते थे और आज समय के साथ साथ काफी परिवर्तन देखने को मिल रहा है। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि अनवरत 123वां मंचन करना निष्ठा और समर्पण भाव को दर्शाता है। राम की भूमिका दीपक बिष्ट, लक्ष्मण राहुल नेगी, टप्पू, सीता मोनिका वेदवाल, भरत अभिषेक नौटियाल, शत्रुघ्न सुधांशु नौटियाल, हनुमान डॉ. मदन मोहन नौडियाल तथा मेघनाद की भूमिका अंकित रावत निभा रहे हैं। विजय दशमी के अवसर पर दहन होने वाले रावण के विशालकाय पुतले का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। इस अवसर पर कमेटी के वयोवृद्ध संरक्षक महिताब सिंह रावत, कर्मचारी मिनिस्ट्रियल संघ के सीताराम पोखरियाल, संदीप काला, महेंद्र रावत, मनवीर रावत, मुकुल शर्मा आदि मौजूद थे।

## मंदिर में 101 किग्रा. का घंटा चढ़ाया

**श्रीनगर गढ़वाल** : देवलगढ़ स्थित राजराजेश्वरी मंदिर में नथनवाला देहरादून निवासी महेशदत्त उनियाल ने 101 किग्रा. वजन का घंटा चढ़ाया। पूर्व में वह मंदिर में 51 किग्रा. वजन का घंटा भी चढ़ा चुके हैं। उनके द्वारा मंदिर में पहुंचाए गए 80 किग्रा. वजनी स्टैंड व 101 किग्रा. के घंटे को स्थापित करने के लिए अमकोट निवासी अनिल उनियाल व सुनील उनियाल ने पूर्ण सहयोग दिया। मंदिर के मुख्य पुजारी कुंजिका प्रसाद उनियाल ने कहा कि मंदिर में स्टैंड खड़ा कर दिया गया है। घंटे को इस स्टैंड पर तीन-चार दिन बाद टांग दिया जाएगा। जिसकी ध्वनि से पूरा क्षेत्र सुबह-शाम गुंजायमान रहेगा। (एजेंसी)


जय
श्री राम
समस्त प्रदेशवासियों को
विजयादशमी
की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
प्रिय प्रदेशवासियों,
आप सभी को विजयादशमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ।
यह पर्व मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम द्वारा अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है। भगवान श्रीराम का जीवन हमें एक श्रेष्ठ समाज और महान राष्ट्र के निर्माण की प्रेरणा देता है। आपके मुख्य सेवक के रूप में जनता की सेवा ही मेरे लिए प्रभु श्रीराम की सेवा है और उत्तराखण्ड का विकास ही मेरे लिए राम काज है।
आइए, आज के पावन अवसर पर हम संकल्प लें कि हम भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में देवभूमि उत्तराखण्ड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाएंगे।
पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

# सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से किया जायः जिलाधिकारी




अल्मोड़ा। जिलाधिकारी विनीत तोमर ने मुख्यमंत्री घोषणा, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, सड़कों की गड्ढा मुक्ति के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर की। सोमवार को आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर जितनी भी शिकायतें विभागों को प्राप्त हुई हैं, उनका निस्तारण प्राथमिकता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी स्वयं संज्ञान ले एवं शिकायतकर्ता से फोन पर वार्ता की जाए एवं उनकी समस्या का समाधान किया जाए। मुख्यमंत्री घोषणाओं की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घोषणाओं संबंधी कार्यों में जो आपत्ति हैं, उनका निस्तारण करते हुए कार्य प्रारंभ करना सुनिश्चित करें तथा जिन घोषणाओं में कार्य गतिमान है उसमे कार्यों को गुणवत्ता के साथ जल्द पूर्ण करें। एजेंसी

## बिना पंजीकरण चल रहे होम स्टे पर कार्रवाई की मांग

हल्द्वानी। वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश सांगुड़ी ने सोमवार को नैनीताल में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बिना पंजीकरण होम स्टे चला रहे बाहरी लोगों पर कार्रवाई की मांग की।

होम स्टे योजना का लाभ स्थानीय लोगों को देने की अपील की। कहा कि भीमताल नगर क्षेत्र में सरकार के सहयोग से होम स्टे योजना के माध्यम से स्थानीय लोग रोजगार कर रहे हैं।

लेकिन कुछ समय से बाहरी लोग अपने कॉटेज और बिल्डिंगों पर बिना पंजीकरण कराए होम स्टे संचालित कर रहे हैं। जिसका असर स्थानीय होम स्टे संचालकों पर पड़ रहा है।एजेंसी

# विदेश भेजने के नाम पर दो युवकों से 17–17 लाख की ठगी, मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर। विदेश भेजने के नाम पर दो लोगों के साथ 17–17 लाख की ठगी की गई। दोनों ने आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में अलग–अलग पत्र दिया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। व मल्सी निवासी बलजिन्दर सिंह पुत्र हरदेव सिंह और मन्जीत सिंह पुत्र बलबीर सिंह ने कोर्ट में अलग–अलग दिए पत्र में कहा कि अप्रैल 2023 में उनके रिश्तेदार बहेड़ी निवासी दलबीर सिंह के दोस्त सिमरजीत कौर, सतिन्दर पाल सिंह और अमनदीप कौर रुद्रपुर उसके घर आए थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनका नजदीकी मित्र का पीलीभीत में बहुत बड़ा इमीग्रेशन कार्यालय है और वह लोग भी एजेन्ट के रूप में कार्य कर रहे हैं। इसमें विदेश जाने में 15 लाख रुपये लगते हैं। इस पर उन्होंने 15 लाख रुपये दे दिए। इसके कुछ दिनों बाद पासपोर्ट, आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि कागजात के साथ दो लाख–दो लाख रुपये और मांगे। इस पर उन्होंने सतिन्दर और दलबीर से रकम वापस मांगी। आरोप था कि इसके बाद आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। मामले में पांच सितंबर को पुलिस को तहरीर दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं इसके बाद 14 सितंबर को कोर्ट में पत्र दिया गया। कोर्ट ने पुलिस को आरोपी दलबीर सिंह, सिमरजीत कौर, सतिन्दर पाल सिंह और अमनदीप कौर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

### श्रद्धालुओं को पौधे भेंट किए

हल्द्वानी। आश्रय सेवा समिति वृद्धाश्रम परिवार की ओर से सोमवार को महानवमी पर मां शीतला मंदिर में आए श्रद्धालुओं को वृक्ष सेवा व संरक्षण संकल्प के साथ पौधे वितरित किए गए।

वृक्ष लगाओ जीवन बचाओ अभियान के तहत ऐसा किया गया। एजेंसी

# कुमाऊं राइफल्स के गौरव सेनानियों ने मनाई वर्षगांठ

हल्द्वानी। कुमाऊं राइफल्स के गौरव सेनानियों ने सोमवार को कमलुवागांजा स्थित एक बैंक्वेट हॉल में यूनिट का 107वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इसके बाद कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सूबेदार मेजर कल्याण सिंह (सेनि) को संगठन का अध्यक्ष घोषित किया गया। संगठन के संरक्षक डीके उपाध्याय ने सभी सदस्यों से यूनिट के गौरवशाली इतिहास को याद रखने का आह्वान किया। इसके बाद संरक्षक ने पूर्व अध्यक्ष कैप्टन राजेन्द्र सिंह अधिकारी (सेनि) को एक और कार्यकाल के लिए नामित किया। अधिकारी ने व्यक्तिगत कारणों से असमर्थता जाहिर की, इसके बाद संगठन के सदस्यों व संरक्षक ने विचार विमर्श कर सूबेदार मेजर कल्याण सिंह (सेनि) को अध्यक्ष पद के लिए नामित किया। इसके अलावा उपाध्यक्ष सूबेदार मेजर हरीश सिंह बिष्ट (सेनि), कोषाध्यक्ष सूबेदार मेजर रवीन्द्र सिंह (सेनि), सचिव हवालदार मान सिंह कार्की (सेनि), संचालक नायब सूबेदार उमा कान्त पाठक (सेनि), संयोजक नायक पूरन सिंह मेहता (सेनि), महामंत्री सूबेदार मेजर नवीन चंद्र गुरुरानी (सेनि), मंत्री सूबेदार मेजर खुशाल सिंह सामन्त (सेनि), सह संयोजक सूबेदार मेजर चंदन सिंह नियुक्त किया है। अन्त में कालिका माता की जै, कुमाऊं राइफल्स की जै के साथ सभा सत्र समाप्त घोषित किया।एजेंसी

## सड़क हादसे में महिला घायल

हल्द्वानी। वनभूलपुरा में बुलेट बाइक की टक्कर से एक महिला घायल हो गयी। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी तहरीर में अमन निवासी राजेन्द्र नगर वार्ड नंबर 12 ने कहा कि बीते 19 अक्टूबर को वह अपनी मां सरिता देवी के साथ टनकपुर रोड की ओर जा रहा था। इसी बीच दमुवाढूंगा निवासी बुलेट बाइक सवार प्रियांशु उसकी मां को टक्कर मारकर भाग गया। एसओ नीरज भाकुनी ने बताया आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## फर्जी भांजा बनकर कॉल कर ठगे साढ़े चार लाख रुपये

रुद्रपुर। फर्जी भांजा बनकर कॉल कर युवक से साढ़े चार लाख रुपये की ठगी कर ली गई। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पंतनगर साइबर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। द्रा कालोनी निवासी परमजीत सिह पुत्र लाभ सिंह ने पंतनगर साइबर पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीती दो अप्रैल शाम पांच बजे उसके मोबाइल पर कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को उसका भांजा अर्श बताया।

इसके बाद कहा कि वह रुद्रपुर में एक प्लॉट ले रहा है। वह उसके खाते में सात लाख 40 हजार रुपये डालेगा।

# नवमी पर घरों, मंदिरों में पूजी गई कन्याएं



अल्मोड़ां। शारदीय नवरात्री की नवमी पर सोमवार को नगर में कन्या पूजन किया गया। लोगों ने मंदिरों और घरों में कन्याओं को देवी का स्वरूप मानकर पूजा की और उपहार व दक्षिणा भी प्रदान की। कुछ लोगों ने अष्टमी पर कन्याएं पूजीं तो कुछ ने नवमी पर कन्या पूजन किया। मंदिरों में हवन–पूजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। वहीं मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। लोगों ने सुबह ही घरों में प्रसाद बनाकर भोग लगाया और मोहल्लों में कन्याओं का पूजन किया। वहीं कई लोगों ने सामूहिक रूप से नंदादेवी सहित अन्य मंदिरों में कन्या पूजन किया। नवमी पर मंदिरों में भी बड़ी संख्या में लोग दर्शन करने पहुंचे। नवमी पर श्रद्धालुओं ने विधि विधान से पूजा कर मां के दरबार में नारियल, चुनरी, श्रृंगार का सामान चढ़ाकर मां का आशीर्वाद लिया।

# दशहरा पर्व पर निकलेगा रावण परिवार के पुतलों का जुलूस



अल्मोड़ा। अल्मोड़ा दशहरा महोत्सव समिति द्वारा नगर पालिका अल्मोड़ा के सभागार में प्रेस वार्ता रखी गई। वार्ता में अल्मोड़ा के ऐतिहासिक दशहरा महोत्सव के दृष्टिगत महोत्सव समिति के द्वारा बनाई गई पूर्ण रूपरेखा को अध्यक्ष अजीत कार्की ने विस्तृत रूप से पत्रकारों के सम्मुख रखा। अजीत कार्की ने कहा कि दशहरा महोत्सव का उद्घाटन स्व. विजय जोशी कार पार्किंग में कल मंगलवार को दोपहर 11 बजे होगा। तदोपरांत रावण परिवार के पुतले मुख्य बाजार से होते हुए सोबन सिंह जीना परिसर के जूलॉजी प्रांगण में पहुंचेंगे जहां पुतला दहन होगा। रात्रि 8 बजे से राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में रंगारंग कार्य का आयोजन होगा। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम में स्थानीय कलाकारों के कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी और उन्हें प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार भी दिया जाएगा। अजीत सिंह कार्की ने प्रेस वार्ता में खुले शब्दों में कहा कि इस वर्ष जीआईसी मैदान की सड़क नहीं बनने के कारण व्यवस्था में कुछ परिवर्तन किया गया है।

कहा कि अगर आगामी वर्ष में जीआईसी मैदान की सड़क नहीं बनाई गई तो पूर्व की भांति अल्मोड़ा दशहरा के रावण परिवार के पुतलों का दहन स्थानीय एसएसजे परिसर के प्रांगण में ही होगा।एजेंसी

## योग शिविर में दी फिट रहने की जानकारी

बागेश्वर। युवाओं और किशोरों को फिट रखने के लिए बानरी गांव में योग शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में 100 से अधिक युवा भाग ले रहे हैं। यह शिविर पांच दिनों तक चलेगा। मंडलसेरा में आयोजित देवी भागवत पंडाल में योग शिविर भी आयोजित किया जा रहा है। योग प्रशिक्षक केवलानंद ने कहा कि योग की जोत गांव–गांव, घर–घर पहुंचाने का संकल्प लिया है। युवा वर्ग नशे की तरफ बढ़ रहा है। उसे रोकने के लिए योग, ध्यान और अच्छे संस्कारों की जरूरत है। जिसके लिए एक प्रयास किया गया है। एजेंसी

# घर का ताला तोड़ वेल्डिंग के लिए बिजली चोरी का आरोप

हल्द्वानी। मुखानी थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने पेयजल लाइन बिछाने वाले मजदूरों पर वेल्डिंग के लिए उनके घर से बिजली चोरी करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि विरोध करने पर मजदूर और सुपरवाइजर धमकी दे रहे हैं। पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस को दी तहरीर में नीलकंठ कॉलोनी कमलुवागांजा मुखानी निवासी जगदीश चंद्र जोशी ने बताया कि यहां उनका कार्यालय और आवास है। बीते दिनों वह कार्यालय से घर की ओर जा रहे थे तो देखा कि गली पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गई थी। तभी उन्होंने अपने घर से कुछ मजदूरों को निकलते देखा। मौके पर पहुंचे तो पाया कि गेट पर लगा ताला टूटा पड़ा है और मजदूर बिजली चोरी कर वेल्डिंग का काम कर रहे थे। उन्होंने विरोध किया तो सुपरवाइजर और मजदूर मारपीट पर आमादा हो गए। इस पर उन्होंने पेयजल लाइन के लखनऊ निवासी ठेकेदार से शिकायत की।

### ग्रामीण क्षेत्र में हो रही अघोषित बिजली कटौती

बागेश्वर। ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों सुबह के समय एक से लेकर दो घंटे तक अघोषित बिजली कटौती हो रही है। इस कारण लोगों को सुबह के समय परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन दिनों नवरात्र में चल रही है।एजेंसी

# लंका दहन कर हनुमान ने तोड़ा लंकानरेश का घमंड



अल्मोड़ा। श्री भुवनेश्वर महादेव मंदिर एवं रामलीला समिति कर्नाटक खोला अल्मोडा की अष्टम दिवस की रामलीला में हनुमान जागर, हनुमान का समुद्र लांघकर लंका में प्रवेश, रावण–सीता संवाद, त्रिजटा –सीता संवाद, अशोक वाटिका प्रसंग, सूक्ष्म हनुमान –सीता संवाद, अक्षय कुमार वध, मेघनाद–हनुमान युद्ध, रावण–हनुमान संवाद, लंका दहन, विभीषण का लंका से निष्कासन, रामेश्वरम प्रसंग मुख्य आकर्षण रहे। रामलीला मंचन में कलाकारों के सुंदर अभिनय व संवादों से दर्शक भाव विभोर हुए व रामलीला मंचन की भूरि–भूरि प्रसंशा करते हुए उन्होंने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का मनोबल बढ़ाया। सर्वप्रथम अष्टम दिवस की रामलीला का शुभारम्भ मुख्य अतिथि नवीन बिष्ट भूतपूर्व सैनिक एवं भाजपा के नगर उपाध्यक्ष तथा विशिष्ट अतिथि जया पाण्डे वरिष्ठ रंगकर्मी एवं लेखिका द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान परिवेश में अपनी लोक कला संस्कृति के उत्थान,संरक्षण एवं नई पीढ़ी को इससे जोड़ने हेतु रामलीलाओं का आयोजन अत्यन्त आवश्यक है। ताकि समाज भगवान श्री राम के जीवन चरित्र व आदर्शो से प्रेरित होकर उनके गुणों को आत्मसात कर सकें। राम की पात्र रश्मि काण्डपाल, लक्ष्मण के पात्र में दीक्षा कर्नाटक, सीता के पात्र में कोमल जोशी, हनुमान के पात्र में अनिल रावत, रावण के पात्र में पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक, विभीषण के पात्र में जितेन्द्र काण्डपाल, सूक्ष्म हनुमान के पात्र में गौरव काण्डपाल सहित सभी कलाकारों ने जीवन्त अभिनय किया। एजेंसी

## तीन ट्यूबवेल खराब होने से गहराया पानी संकट

हल्द्वानी। एक साथ तीन जगहों पर ट्यूबवेल खराब होने से पानी का संकट बढ़ गया है। त्योहार के दौरान पानी नहीं मिलने से लोगों में आक्रोश है। उन्होंने जल्द समस्या का समाधान नहीं करने पर विभागीय अधिकारियों के घेराव की चेतावनी दी है।शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में हर दिन पेयजल संकट बना रहता है।

ऐसे में भरतपुर, हरकपुर व बच्चीनगर में मौजूद ट्यूबवेल खराब होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बच्चीनगर निवासी मदन गौड़ ने कहा, लगातार खराब हो रहे ट्यूबवेल का स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है।

विभाग टैंकर भी नहीं भेज रहा। कहा, जल्द समस्या का समाधान नहीं करने पर विभागीय अधिकारियों का घेराव कर आंदोलन किया जाएगा।

# सीआरपी नियुक्त महिलाओं ने भगत से की मानदेय दिलाने की मांग

हल्द्वानी। राज्य सरकार से प्रशिक्षण प्राप्त राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत सीआरपी नियुक्त कोटाबाग ब्लॉक की महिलाओं ने विधायक बंशीधर भगत से उनके आवास पर मुलाकात की। उन्होंने पहले की तरह कार्य व मानदेय दिलाने की मांग की। विधायक ने आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं को लेकर जल्द ही मुख्यमंत्री से शिष्टमंडल की मुलाकात कराई जाएगी। गौरतलब है राज्य सरकार ने प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने व उन्हें विकास की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए एक ग्राम पंचायत में दो सीआरपी महिलाओं की नियुक्ति की थी। प्रत्येक ग्रामसभा में महिलाओं के समूह बनाकर उन्हें स्वरोजगार, कृषि, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक कर रही हैं। वह लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी प्रेरित करती हैं। सीआरपी महिलाओं ने विधायक भगत को बताया कि 2020 से पूर्व उन्हें अलग–अलग गावों में जाकर महिलाओं के समूह बनाने के लिए मानदेय दिया जाता था। अब उनके द्वारा सभी ग्राम पंचायतों में महिलाओं के समूह बना कर प्रत्येक गांव में बैंक सखी, कृषि सखी, पशु सखी बना लिए गए हैं। अब महिलाओं के समूह बेहतर प्रबंधन के साथ काम कर रहे हैं। अब वर्तमान में न तो उनके पास कोई काम है और न मानदेय मिलता है। विधायक बंशीधर भगत ने कहा, इस समस्या को गम्भीरता से वह मुख्यमंत्री के सामने रखेंगे। मुलाकात करने वालों में ममता शाह,गीता पंत, विमला, उषा देवी, सरस्वती देवी, रेणु देवी शामिल रहीं।

### छठ घाट का हुआ सौंदर्यीकरण

रुद्रपुर। रविन्द्र नगर में छठ घाट का सौंदर्यीकरण कराने पर पूर्वांचल समाज के लोगों ने नगर निगम का आभार जताया। इलाके के लोगों ने कहा कि छठ पूजा के दौरान उन्हें असुविधाओं का सामना करना पड़ता था। दीवाली के बाद छठ पूजा होने वाली है।

सौंदर्यीकरण होने से पूजा कार्यक्रम आसानी से हो पाएंगे। लोगों को भी सुविधा मिलेगी।

# नैब में हवन यज्ञ के साथ पैर धोकर कन्याओं का हुआ पूजन



हल्द्वानी। गौलापार स्थित नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड (नैब) संस्था में नवमी पर हवन यज्ञ के साथ कन्याओं के पैर धोकर पूजन किया गया। देवी स्वरूप कन्याओं को हलवा–पूड़ी का भोग लगाया गया। उन्हें मिष्ठान और फल वितरित किए गए। संस्था अध्यक्ष सविता लाहोटी समेत अन्य कर्मचारियों ने आर्शीवाद लिया। पहले नवरात्र से ही नैब में पढ़ने वाले 12 वर्षीय सौरभ आर्य, 14 वर्षीय चम्पा तिवारी, 15 वर्षीय रोशनी परिहार और 14 वर्षीय भावना दिगारी ने व्रत रखे। नैब स्थित मंदिर में रोजाना इन बच्चों ने विधि–विधान के साथ पूजन किया। नवमी पर सोमवार को सुबह से ही बच्चों ने भजन–कीर्तन गाए और हवन किया। अध्यक्ष सविता लाहोटी ने कर्मचारियों और बच्चों के साथ हवन किया। यहां बच्चों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली।एजेंसी

## फल, सब्जियों को ऑनलाइन बेचने की सलाह दी

रुद्रपुर। जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में समेटी उत्तराखंड प्रसार शिक्षा निदेशालय की ओर से आयोजित तीन दिवसीय बाजार आधारित प्रसार प्रशिक्षण का समापन हो गया है। विशेषज्ञों ने कृषकों फलों, सब्जियों को ऑनलाइन बेचने की सलाह दी। डॉ. जय प्रकाश जायसवाल ने कहा कि कृषक, मडुवा, मादिरा, गहत, रामदाना, उगल, गडेरी, माल्टा, कीवी, सेब आदि के ऑनलाइन विपणन से लाभ कमाया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने बाजार आधारित प्रसार–परिचय एवं वर्तमान परिदृश्य में महत्व, बाजार सूचना तंत्र एवं उत्पाद विपणन, कृषि विपणन–समस्या एवं समाधान, कृषि विपणन में एगमार्क एवं ई–नाम की भूमिका और मोटे अनाजों की वैज्ञानिक खेती के बारे में व्याख्यान दिया गया। एजेंसी

# पुतलों के साथ डीजे के संचालन पर रहेगा प्रतिबंध



अल्मोड़ा। दशहरा पर्व और वाल्मीकी जयंती को लेकर प्रशासन व पुलिस अधिकारियों ने पदाधिकारियों की बैठक ली। तय किया गया कि पुतलों के साथ डीजे का संचालन पूरी तरह प्रतिबंधित होगा। साथ ही हुड़दंग काटने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सोमवार को एसडीएम सदर जयवर्धन शर्मा और सीओ विमल कुमार के नेतृत्व में आयोजित बैठक में दशहरा व वाल्मीकी समिति के पदाधिकारी शामिल रहे।

एसडीएम ने कहा कि दशहरा महोत्सव के लिए नियम तय किए गए हैं। तय संख्या में ही पुतलों का दहन होगा। इसके लिए उंचाई भी निर्धारित की गई है।

पुतलों को ले जाने के लिए रूट भी तय हैं। नशे का सेवन कर कार्यक्रम में शामिल होने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम के शुरू होने और समाप्ति की समय सीमा तय की गई है। इसका पालन करना जरूरी होगा। बैठक में कोतवाल अरुण कुमार, एसएसआई सतीश चंद्र कापड़ी, एनटीडी चौकी प्रभारी बिशन लाल, धारानौला प्रभारी दिनेश, बेस चौकी प्रभारी कृष्ण कुमार आदि शामिल रहे।एजेंसी

# प्रथम महिला गुरमीत कौर ने किया गुजराती समाज समिति देहरादून द्वारा आयोजित नवरात्रि समारोह में प्रतिभाग




देहरादून। प्रथम महिला गुरमीत कौर ने गुजराती समाज समिति देहरादून द्वारा नवरात्रि के अवसर पर आयोजित समारोह में भाग लिया। देहरादून में अपनी संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देने हेतु गुजराती समुदाय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विधायक सविता कपूर और पार्षद अमिता सिंह ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पारंपरिक संगीत, नृत्य प्रस्तुतियों का आनंद लिया और नीता कंसारा और भारती पांचाल द्वारा स्वादिष्ट गुजराती व्यंजनों की एक श्रृंखला भी तैयार की गई।

कार्यक्रम में अपने संबोधन में गुरमीत कौर ने नवरात्रि की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए समुदाय को एक साथ लाने में उनके उल्लेखनीय प्रयासों के लिए गुजराती समाज समिति देहरादून के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के नौ दिनों के इस महोत्सव में हम अलग–अलग रूपों में माँ दुर्गा की पूजा करते हैं, जिनके प्रति हमारी श्रद्धा अत्यधिक होती है हर रूप का अपना महत्व है और हमें यह याद दिलाता है कि बुराई को नष्ट करने और अच्छाई को प्रमोट करने के लिए हमें सदैव सत्य का पालन करना चाहिए। नवरात्रि का महत्व हमारे जीवन में भी है। हमें इस अवसर को सही तरीके से मनाने का प्रयास करना चाहिए और पूरी मानवता को इस उत्सव को मनाने की प्रेरणा देनी चाहिए।

उन्होंने उत्तराखण्ड में रहने वाले विभिन्न समुदायों के बीच एकता और सद्भाव को बढ़ावा देने में ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सांस्कृतिक विविधता में उनके योगदान के लिए गुजराती समुदाय की सराहना की। उन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजन में गुजराती समाज समिति देहरादून द्वारा किए गए प्रयासों और स्थानीय समुदाय पर इसके सकारात्मक प्रभाव की सराहना की। अंत में इस कार्यक्रम में सहयोग के लिए समिति ने और श्री जोगेंद्र मल्होत्रा और मोहित नगर सोसायटी के सदस्यों को विशेष धन्यवाद दिया गया।

# नानकमत्ता में मुख्यमंत्री ने मां दुर्गा मंदिर का किया लोकार्पण




जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बंगाली कॉलोनी, नानकमत्ता पहुंचकर श्री श्री मां दुर्गा मंदिर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मंदिर के सौंदर्यीकरण, नानकमत्ता क्षेत्र के विकास हेतु मिनी मास्टर प्लान बनाने की घोषणा की। मंदिर परिसर पहुंचने पर क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री को स्मृति स्वरूप दुर्गा माता की प्रतिमा भेंट की।

मुख्यमंत्री ने सभी को भक्ति और शक्ति के प्रतीक दुर्गा महोत्सव, शारदीय नवरात्र, विजयादशमी, भैया दूज, गोवर्धन पूजा, रामनवमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि आज उन्हें मां दुर्गा के इस भव्य मंदिर का उद्घाटन कर प्रदेशवासियों के लिए खुशहाली की कामना करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने बंगाली समाज का हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त किया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद, गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय, राजा राम मोहन राय सहित बंगाल के महान सपूतों को नमन किया, जिन्होंने समाज को एक नई राह दिखाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल की भूमि से निकले महान व्यक्तित्वों ने जब जैसी आवश्यकता पड़ी तब शस्त्र और शास्त्र से, त्याग और तपस्या से मां भारती की सेवा की है। कहा कि चेतना हो या अध्यात्म, विज्ञान हो या कला और संस्कृति हर क्षेत्र में बंगाल ने देश को प्रगति की राह दिखाई तथा पूरी दुनिया में भारत का नाम रोशन किया। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा का पर्व भारत की एकता और पूर्णता का पर्व भी है।

# पछुवादून में महानवमी पर घर–घर पूजी गईं कन्याएं



विकासनगर। पछुवादून में महानवमी पर घर–घर देवी के रूप में कन्याओं को पूजन किया गया। लोगों ने कन्याओं को उपहार वितरित किए। देवी मंदिरों में दिनभर पूजा अर्चना होती रही। नवरात्र संपन्न होने पर लोगों ने घरों में प्रसाद के रूप में हलवा–पूरी बनाया। वहीं लोगों को कन्याएं तलाशने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसके लिए लोग इधर–उधर दौड़ते नजर आए। सोमवार को महानवमी पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की आस्था देखने को मिली, जहां घंटों कतार में लगकर भक्तों ने मां के दर्शन किए। श्रद्धालुओं ने विधि–विधान से मां सिद्धादात्रि की पूजा के बाद कन्यापूजन व भोज कराकर व्रत खोला। मंदिरों में श्रद्धालुओं के साथ ही कन्याओं का भी जमावड़ा लगा रहा। अन्य दिनों की अपेक्षा महानवमी के दिन भक्तों की खासी भीड़ रही। सुबह पांच बजे से ही श्रद्धालु स्थानीय मंदिरों में मां के दर्शन के लिए पहुंचे। काली माता मंदिर कालसी, दुर्गा मंदिर भोजावाला, काली माता मंदिर अस्पताल रोड, दुर्गा मंदिर डाकपत्थर रोड के साथ ही ग्रामीण अंचलों में बने मंदिरों में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही। भोजावाला स्थित दुर्गा माता मंदिर के कपाट भक्तों के लिए सुबह चार बजे ही खोल दिए गए थे। वैष्णो देवी मंदिर हरबर्टपुर, देवी मंदिर सहसपुर, सुरकंडा माता मंदिर कैनाल रोड में भी भक्तों का जमावड़ा लगा रहा।

## 25 व 26 अक्टूबर को लगेगा विशेष मानसिक दिव्यांग शिविर

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव शर्मा ने बताया कि जनपद में आगामी 25 व 26 अक्टूब को विशेष मानसिक स्वास्थ्य एवं दिव्यांग शिविर लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 25 अक्टूबर को ट्रॉमा सेंटर कर्णप्रयाग और 26 अक्टूबर को जिला अस्पताल गोपेश्वर में प्रातः 11 बजे से मानसिक दिव्यांग शिविर लगाए जाएंगे। जिसमें मानसिक रूप से पीड़ित दिव्यांगजनों के मौके पर ही जांच के साथ दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जनपद वासियों से अपील की है कि मानसिक रूप से ग्रसित दिव्यांगजनों को उनके आधार कार्ड एवं तीन पासपोर्ट साइज की फोटो प्रति के साथ शिविर का लाभ पहुंचाने में सहयोग प्रदान करें।

# संस्थापक चेयरमेन, इंटरनेशनल कराटे ऑर्गनाइजेशन देव नाथ ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को राजभवन में संस्थापक चेयरमेन, इंटरनेशनल कराटे ऑर्गनाइजेशन श्री देव नाथ ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उनके साथ विभिन्न चैंपियनशिप में विजेता बच्चे भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर राज्यपाल ने सभी बच्चों की सराहना की और कहा कि कराटे में बच्चों द्वारा अच्छा प्रदर्शन किया जाना प्रशंसनीय है। उन्होंने इनमें बच्चियों के प्रतिनिधित्व की सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि लड़कियों हेतु इस तरह आत्मरक्षा से संबंधित खेल बेहद जरूरी है। इससे जहां उनका शारीरिक विकास होगा वहीं ऐसे खेल उन्हें आत्मरक्षा में भी सहायक होंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों को खेलों में आगे लाया जाना जरूरी है इससे देश एवं प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। इस दौरान राज्यपाल ने ऑर्गनाइजेशन की चुनौतियों और समस्याओं के संबंध में भी जानकारी ली।

# खिलाड़ियों को कराटे बेल्ट व प्रमाण पत्र बांटे



ऋषिकेश। आईएसकेओआई इंडिया संस्था ने कराटे बेल्ट और प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें कराटे बेल्ट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले 24 खिलाड़ियों को कराटे बेल्ट और प्रमाण पत्र बांटे गए। सोमवार को आईएसकेओआई इंडिया संस्था ने पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में संस्था द्वारा बीते दिनों कराई गई कराटे बेल्ट परीक्षा में उत्तीर्ण खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र व बेल्ट वितरित की गईं। पुलिस क्षेत्राधिकारी संदीप नेगी ने कहा कि आज के युवाओं को खेलों में आगे आना चाहिए, नहीं तो आज का युवा नशे और गलत आदतों की तरफ भटक जाता है। संस्था के मुख्य प्रशिक्षक और तकनीकी निदेशक विश्वनाथ राजपूत ने बताया कि उक्त परीक्षा में फुटहिल्स एकेडमी के समर्थ गोस्वामी ने ऑरेंज बेल्ट परीक्षा में सवोच्च अंक प्राप्त किये हैं। वहीं येलो बेल्ट परीक्षा में रेडफोर्ट स्कूल के ओम सजवाण ने सवोच्च अंक प्राप्त किये। इसके अलावा रेडफोर्ट स्कूल के आद्या पराशर, केयान आर्य ने ऑरेन्ज बेल्ट, नैन्सी रावत, अदिति कोठारी, मन्नत कोठारी, विनायक राणा, विभूति राणा, अद्विता रावत, गौरी आर्य, यशस्वी, कैनरिच, आशुतोष, अथर्व, सिद्धार्थ, अर्णव, अमन बुटोला, वैभवी, आराध्या, वेदिका सैनी, काव्यांश उनियाल ने येलो बेल्ट परीक्षा उत्तीर्ण की है। आरपीएस के ध्रुव कुमार तथा सीनियर वर्ग में शंकर राणा को येलो बेल्ट प्राप्त की है। यह सभी खिलाड़ी आगामी माह में होने वाली अखिल भारतीय कराटे प्रतियोगिता की तैयारी में जुटे हैं।

## डाकपत्थर में 55 फीट के रावण का पुतला जलेगा

विकासनगर। पछुवादून में दशहरा पर्व की तैयारी पूरी हो गई है। जगह–जगह रावण के साथ कुंभकरण और मेघनाद के पुतले खड़े हो गए हैं।

जिनका आज शुभ मुहूर्त पर दहन किया जाएगा। बैराज मैदान डाकपत्थर में विधायक मुन्ना चौहान और रामलीला मैदान तेलपुरा–अटकफार्म में विधायक सहदेव पुंडीर बाण चलाकर 55 फीट के रावण के पुतले का दहन करेंगे। हरबर्टपुर, सेलाकुई और सहसपुर में भी रावण के पुतले तैयार किए गए हैं, जबकि गली मोहल्लों में नौनिहालों ने भी रावण दहन की तैयारियां की हुई हैं। सोमवार देर शाम तक बच्चे रावण का पुतला तैयार करते नजर आए।



# सीएम ने किया कन्या पूजन

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को शारदीय नवरात्र की नवमी के पावन अवसर पर वैष्णवी शक्ति माँ महामाया जगत जननी आदिशक्ति भगवती की उपासना को समर्पित नवरात्रि के पावन पर्व का उद्यापन कर हवन किया। इस अवसर पर उन्होंने विधि-विधान से कन्या-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने आद्याशक्ति, परब्रह्म स्वरूपा देवी माँ से राज्य की उन्नति एवं समस्त प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि की कामना की है।

## ग्रामीण स्तर पर खेल संस्कृति विकसित करना जरूरीः प्रीतम सिंह

विकासनगर। जौनसार बावर जनजातीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक समिति की ओर से फरटाड़ में खेलकूद, सांस्कृतिक महोत्सव की शुरुआत सोमवार से की गई। उद्घाटन पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर आयोजित खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता युवाओं के हुनर को निखारती हैं। इन प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने से युवा नशे की प्रवृत्ति से भी दूर रहते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड से राष्ट्रीय खेलों में युवाओं का दल गया है। कांग्रेस शासन काल में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन उत्तराखंड में कराए जाने की योजना बनी थी। कुछ खेल पछुवादून में भी कराए जाने थे, लेकिन भाजपा सरकार ने इसकी पैरवी नहीं की, जिसके चलते उत्तराखंड को राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी नहीं मिली। कहा कि प्रदेश में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन होने से युवाओं में खेलों के प्रति जागरूकता पैदा होती, जिससे कई युवा प्रतिभाओं को अपना हुनर निखारने का मौका मिलता। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर खेल संस्कृति को विकसित किया जाना जरूरी है। दूसरी ओर तरुण संघ खत लखवाड़ की ओर से दशहरा पर्यटन मेला, क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक महोत्सव की शुरुआत सोमवार को हुई। पहले दिन मैराथन संपन्न कराई गई। मोहित राणा भंकोली प्रथम, सतपाल पपड़ियान द्वितीय, विष्णु बाड़वाला ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस दौरान सूरत सिंह चौहान, संसार सिंह, रमेश अग्रवाल, पीतांबर चौहान आदि मौजूद रहे।

## बाल वैज्ञानिकों ने किया गांवों का भ्रमण

नई टिहरी : अमर शहीद सोहन लाल सेमवाल राइंका नागदेव पथल्ड ने राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस कार्यक्रम के तहत विद्यालय के बाल वैज्ञानिकों ने विद्यालय के समीपवर्ती गांवों का भ्रमण किया। बाल वैज्ञानिकों ने अपनी शोध परियोजना से मानव और वन्य जीव संघर्ष को रोकने से तैयार किये गये उपाय को ग्रामीणों के साथ साझा किया। साथ ही जंगली जानवरों द्वारा खेती और बागवानी को नुकसान के बचाव तरीके के बारे भी ग्रामीणों को बताया। बाल वैज्ञानिकों ने ग्राम स्वाड़ी, कोटी, इंटवाल गांव, कुम्हार गांव , मुंडाण गांव के ग्रामीणों के साथ अन्य विचार भी साझा किये।

मौके पर बाल वैज्ञानिक मानसी, शिवांग सकलानी आदि शामिल थे। (एजेंसी)

# विभागीय परिसंत्तियों का चिन्हीकरण कार्य जल्द पूरा करें



**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जनपद में विभागीय परिसंपत्तियों को चिन्हित करने हेतु सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र ने समस्त विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि विभागीय परिसंपत्तियों का चिन्हीकरण का कार्य शीघ्र पूरा करते हुए इसकी रिपोर्ट उपलब्ध करें। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि विभागों के अधीन भवन, मैदान, मीटिंग हॉल, गेस्ट हाउस, पार्किंग, ओपन एरिया जो भी परिसंपत्तियों है उनकों शीघ्र चिन्हित करें। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार की ओर से एक बड़ी पहल की गई है। जिसके तहत विभाग अपनी खाली परिसंपत्तियों को आम जनता के उपयोग हेतु किराए पर दे सकते है। इससे विभाग को ही रेवेन्यू मिलेगा और संपत्तियों के रख रखाव के लिए विभाग के पास अतिरिक्त पैसा भी मिलेगा। साथ ही आम जनता को भी इसके इस्तेमाल से फायदा मिलेगा। उन्होंने निर्देशित किया कि विभाग की ऐसी परिसंपत्तियां जिनको आम जनता के उपयोग हेतु किराए पर दिया जा सकता है, उसको शीघ्र चिन्हित और सूचीबद्ध किया जाए। बैठक में विभागों की परिसंपत्तियों को लेकर गहनता से समीक्षा हुई। बैठक में परियोजना निदेशक आनंद सिंह, लोनिवि के अधिशासी अभियंता आरएस चौहान, हिमांद संस्था के सचिव उमा शंकर बिष्ट सहित समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## जाम लगाने वालों पर होगी कार्रवाई

नई टिहरी : त्योहारी सीजन को देखते हुए पुलिस ने ट्रैफिक व्यवस्था को पटरी पर रखने तैयारी की है। जिला पुलिस मीडिया सेल ने बताया कि नई टिहरी जिला मुख्यालय में ट्रैफिक की ज्यादा समस्या नहीं है। लेकिन चंबा, ढालवाला, कद्दूखाल और मुनिकीरेती में त्योहारी सीजन में लगने वाले जाम को देखते हुए ट्रैफिक प्लान बनाकर संबंधित थाना-कोतवालियों को उस पर पूरी तरह से अमल करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस का दावा है कि त्योहारी सीजन में जाम से आम लोगों को परेशानी न हो, इसके लिए तैयारी कर ली गई है। (एजेंसी)

# धूमधाम से मनाया नवमी पर्व

नई टिहरी : नवरात्र के नवें दिन मां दुर्गा की पूजा सिद्धिदात्री के रूप में की गई। नवमी पर मां के भक्तों ने कन्याओं को जिमाने का कार्य किया। इस मौक पर कन्याओं को भेंट स्वरूप विभिन्न श्रृंगार सामग्रियां प्रदान की गई।

नवमी का पर्व जनपद टिहरी गढ़वाल में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मां दुर्गा को सिद्धिदात्री के रूप में पूजते हुए सुख-समृद्धि की कामना की गई। नवमी पर भी नगर के देवी मंदिरों सहित मां सुरकंडा, मां कुंजापुरी और मां चंद्रबदनी के मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। लोगों ने मंदिरों सहित घरों में कन्याओं का पूजन किया। पूजन के बाद कन्याओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। कन्याओं का जिमाने व पूजने के बाद दक्षिणा के साथ वस्त्र, बिंदी, चुड़ी, श्रृंगार सामग्री सहित कई तरह के उपहार भी दिए। जबकि मंदिरों मां भगवती की पूजा के लिए देवी मां का श्रृंगार कर दिव्य पूजन किया गया। नवमी पर कन्या पूजन कर श्रद्धालुओं वे व्रत का पारायण किया।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना सं०: Elect/TRD/MB/2023-24/TN-26 दिनांक : 21.10.2023

| | |
|---|---|
| विभाग | Electrical (TRD) |
| टेंडर न. | T-14-TRD-MB-23-24 |
| कार्य का नाम | मुरादाबाद मंडल के पुराने पी०एस०आई० उपकरणों के उन्नयन का कार्य। |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 17.11.2023, 15:00 Hrs |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | Rs. 1,61,31,710.27/- (Including GST@18%) |
| बिड सिक्यूरिटी राशि (₹) | Rs. 2,30,700/- |
| विभाग | Electrical (TRD) |
| टेंडर न. | T-20-TRD-MB-23-24 |
| कार्य का नाम | मुरादाबाद मंडल के बरेली कैंट स्टेशन पर गुड्स शेड के सुधार और परिवर्तन के संबंध में ओ०एच०ई० संशोधन का कार्य |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 16.11.2023, 15:00 Hrs |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | Rs. 54,61,761.32/- (Including GST@18%) |
| बिड सिक्यूरिटी राशि (₹) | Rs. 1,09,200/- |
| निविदा प्रपत्र मूल्य (₹) | NIL |
| ऑफर की वैधता (दिन) | 60 days |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 12 Months |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3306/2023

सम्पादकीय

## प्राथमिकी से सरकार घिरी

प्राथमिकी में इल्जाम है कि श्योमी और वीवो जैसी चीनी कंपनियां भारत में आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन उपलपब्ध कराने का माध्यम बनीं। तो सवाल है कि इन कंपनियों को भारत में कारोबार करने की इजाजत किसने दे रखी है? न्यूजक्लिक के खिलाफ दायर एफआईआर में इस वेबसाइट पर दिल्ली पुलिस ने गंभीर अभियोग लगाए हैं, लेकिन जिन आधार पर इन्हें लगाया गया है, उनसे कई गंभीर सवाल भारत सरकार पर उठ खड़े हुए हैं। अगर एफआईआर के तर्कों को आगे बढ़ाया जाए, तो यह धारणा बन सकती है कि भारत में आतंकी गतिविधियों को फंडिंग उपलब्ध कराने में सरकार मददगार बन रही है। प्राथमिकी में इल्जाम है कि श्योमी और वीवो जैसी चीनी कंपनियां भारत में आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन उपलपब्ध कराने का माध्यम बनीं। तो सवाल है कि इन कंपनियों को भारत में कारोबार करने की इजाजत किसने दे रखी है? ये कंपनियां न्यूज चैनलों को करोड़ों रुपए के विज्ञापन देती रही हैं और उनमें से एक तो कुछ वर्ष पहले तक क्रिक्रेट के सबसे टॉप ब्रांड आईपीएल की स्पॉन्सर थी। यहां तक कि कुछ कंपनियों ने पीएम केयर फंड में चंदा दिया। तो जिस आधार पर न्यूजक्लिक पर कार्रवाई हुई है, क्या उससे उपरोक्त तमाम संस्थाएं और उनके प्रबंधक भी नहीं घिर जाते हैं? एफआईआर में यह अजीब दलील है कि किसान आंदोलन का समर्थन आतंकवादी गतिविधि का हिस्सा था। फिर यह कि कोरोना महामारी के दौरान भारत में जैसी अफरातफरी देखने को मिली, उसकी चर्चा करना देश के खिलाफ किसी बड़ी साजिश का हिस्सा था। एफआईआर से संबंधित जानकारी सामने आने के बाद सार्वजनिक चर्चाओं में लोग कटाक्ष भरे लहजे में उन गौतम भाटिया को ढूंढने की चुनौती एक-दूसरे को दे रहे हैं, जिन्हें चीनी कंपनियों का वकील बताया गया है। आम जानकारी में संविधान विशेषज्ञ गौतम भाटिया जरूर हैं, जो वर्तमान सरकार के आलोचक हैं, लेकिन मीडिया रिपोर्टों में बताया गया है कि उन्होंने टैक्स संबंधी विवाद में फंसी चीनी कंपनियों की नुमाइंदगी किसी कोर्ट में नही की है। दरअसल, प्राथमिकी में ऐसे कई बुद्धिजीवियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं शामिल कर दिए गए हैं, जिनका न्यूजक्लिक मामले से सीधा कोई संबंध नजर नहीं आता। इसीलिए कुछ विशेषज्ञों ने इस एफआईआर को कानूनी के बजाय एक राजनीतिक दस्तावेज कहा है। जाहिर है, दर्ज आरोपों की सच्चाई के साथ-साथ इस धारणा की पड़ताल भी न्यायिक प्रक्रिया के दौरान होगी।

# समलैंगिक शादी का अभी समय नहीं आया है!

**दूसरा तर्क यह है कि अगर समान लिंग के लोगों को विवाह की अनुमति दी गई तो उनके यूनियन से परिवार नहीं बनेगा और फिर समाज की व्यवस्था प्रभावित होगी। हालांकि दो भिन्न लिंग के लोगों के बीच विवाह से भी कई बार परिवार नहीं बनता है, बच्चे नहीं होते हैं फिर भी समाज की व्यवस्था प्रभावित नहीं होती है। यह इस तर्क का विरोधाभास है। इसका सीधा मतलब यह होता है कि विवाह सिर्फ संतानोत्पत्ति के लिए होती है, जो कि समलैंगिक शादी में संभव नहीं है। हालांकि बच्चा गोद लेने की अनुमति देकर इस विसंगति को दूर किया जा सकता है। तभी चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ और जस्टिस कौल ने इसका समर्थन किया कि समलैंगिक जोड़ों को बच्चा गोद लेने की अनुमति दी जाए। लेकिन बेंच के बाकी तीन जजों की राय इससे अलग थी। सोचें, यह कैसा विरोधाभास है कि अकेला आदमी या औरत बच्चा गोद ले सकते हैं या सरोगेसी से बच्चा पैदा करके उसे पाल सकते हैं- करण जौहर और तुषार कपूर इसकी मिसाल है, लेकिन समलैंगिक जोड़ों को बच्चा गोद लेने की इजाजत नहीं होगी।बहरहाल, इस फैसले में समूचे एलजीबीटीक्यू समुदाय के लिए सिल्वर लाइन यह है कि जजों ने स्पेशल मैरिज एक्ट को संवैधानिक माना है और इस समुदाय के अधिकारों के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी बना कर विचार करने को कहा है।**

**अजीत द्विवेदी**

समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने की मांग करने वाली 20 याचिकाओं पर लंबी सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला दिया उसका एक स्पष्ट संकेत यह है कि तमाम प्रगतिशील सोच के बावजूद सर्वोच्च अदालत भी यह मानती है कि अभी भारत में समलैंगिक शादियों का समय नहीं आया है। इसके कानूनी पहलू अपनी जगह हैं लेकिन फैसला मूल रूप से इस आधार पर आया है कि भारत का समाज इसे स्वीकार करने को तैयार नहीं है। यह माना गया है कि इससे परिवार का ढांचा बिगड़ेगा, जबकि परिवार ही समाज की बुनियादी है। संविधान पीठ के पांचों माननीय जजों की यह बात समझ में आती है क्योंकि देश के मान्य कानूनों के साथ स्पष्ट टकराव वाले मामलों को छोड़ कर सुप्रीम कोर्ट को भी अंततः समाज की लोकप्रिय भावनाओं का ख्याल रखना होता है। तभी सर्वोच्च अदालत ने समलैंगिक शादी को कानूनी मान्यता देने का सवाल संसद के ऊपर छोड़ा है और सबको पता है कि देश की संसद निकट भविष्य में ऐसा कोई कानून बनाने नहीं जा रही है।



इसके बावजूद सुप्रीम कोर्ट का फैसला यथास्थिति को बदलने वाला है। यहां तक कि समलैंगिक जोड़ों के अधिकारों के मसले पर अल्पमत का फैसला भी एक क्रांतिकारी कदम है और उससे समलैंगिकों को समानता का अधिकार देने का रास्ता खुलता है। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला कई मायने में थोड़ा जटिल है। चार जजों ने अलग अलग फैसला लिखा और यही कारण है इसके पढ़े जाने में भी बहुत समय लगा। इस फैसले में दो बातें बुनियादी रूप से सामने आती हैं। पहली बात तो यह कि पांच जजों की बेंच ने एक राय से कहा कि समलैंगिक शादियों को कानूनी मान्यता नहीं दी जा सकती है और यह मामला संसद के ऊपर छोड़ा। दूसरा फैसला तीन-दो के बहुमत से आया। यह बहुत दिलचस्प संयोग है कि चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ अल्पमत में थे। आमतौर पर चीफ जस्टिस की राय बहुमत की राय होती है। देश में कोई डेढ़ हजार मामले संविधान पीठ ने सुने होंगे और 10-12 को छोड़ कर सबमें चीफ जस्टिस की राय के साथ बहुमत की राय रही है। लेकिन इस मामले में चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ और जस्टिस संजय किशन कौल ने समलैंगिक जोड़ों को बच्चा गोद लेने का अधिकार देने का समर्थन किया, जबकि बाकी तीन जजों ने इसका विरोध किया। इसका मतलब है कि बहुमत से यह फैसला हुआ कि समलैंगिक जोड़े बच्चा गोद नहीं ले सकते हैं।

इन दोनों फैसलों के गुण-दोष पर बहस हो सकती है। समलैंगिक शादी को कानूनी मान्यता देने और नहीं देने दोनों के पक्ष में बहुत मजबूत तर्क हैं, जो अदालत के सामने दिए गए। इसके विरोध का मूल तर्क यह है कि विवाह जैविक रूप से भिन्न दो लिंग के लोगों का यूनियन है। यानी पुरुष और स्त्री के बीच ही विवाह हो सकता है। दूसरा तर्क यह है कि अगर समान लिंग के लोगों को विवाह की अनुमति दी गई तो उनके यूनियन से परिवार नहीं बनेगा और फिर समाज की व्यवस्था प्रभावित होगी। हालांकि दो भिन्न लिंग के लोगों के बीच विवाह से भी कई बार परिवार नहीं बनता है, बच्चे नहीं होते हैं फिर भी समाज की व्यवस्था प्रभावित नहीं होती है। यह इस तर्क का विरोधाभास है। इसका सीधा मतलब यह होता है कि विवाह सिर्फ संतानोत्पत्ति के लिए होती है, जो कि समलैंगिक शादी में संभव नहीं है। हालांकि बच्चा गोद लेने की अनुमति देकर इस विसंगति को दूर किया जा सकता है। तभी चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ और जस्टिस कौल ने इसका समर्थन किया कि समलैंगिक जोड़ों को बच्चा गोद लेने की अनुमति दी जाए। लेकिन बेंच के बाकी तीन जजों की राय इससे अलग थी। सोचें, यह कैसा विरोधाभास है कि अकेला आदमी या औरत बच्चा गोद ले सकते हैं या सरोगेसी से बच्चा पैदा करके उसे पाल सकते हैं- करण जौहर और तुषार कपूर इसकी मिसाल है, लेकिन समलैंगिक जोड़ों को बच्चा गोद लेने की इजाजत नहीं होगी।

बहरहाल, इस फैसले में समूचे एलजीबीटीक्यू समुदाय के लिए सिल्वर लाइन यह है कि जजों ने स्पेशल मैरिज एक्ट को संवैधानिक माना है और इस समुदाय के अधिकारों के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी बना कर विचार करने को कहा है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से ही यह सुझाव दिया गया था कि एक कमेटी उनके अधिकारों पर विचार कर सकती है। ध्यान रहे भारत में समलैंगिकता को अपराध के दायरे से पहले ही बाहर कर दिया गया है। वह एलजीबीटीक्यू समुदाय की बड़ी जीत थी। अब अगर कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में कमेटी बनती है और वह अधिकारों को लेकर विचार करती है तो यह भी समलैंगिकों की विवाह में समानता की मांग की तरफ एक कदम बढने् की तरह होगा। सुप्रीम कोर्ट ने विवाह के रूप में उनके रिश्ते की कानूनी मान्यता के बिना, समलैंगिक यूनियन में व्यक्तियों के अधिकारों की जांच करने के लिए एक समिति बनाने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने कहा है कि समलैंगिक समुदाय को दिए जा सकने वाले अधिकारों, लाभों की पहचान करने के लिए कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता वाला पैनल बने। यह भी कहा गया है कि कुछ कानूनी अधिकार, सामाजिक कल्याण उपाय, सामाजिक सुरक्षा लाभ उनका दिया जाना चाहिए। अदालत चाहती है कि यह समिति राशन कार्ड में समलैंगिक जोड़ों को परिवार के रूप में शामिल करने, समलैंगिक जोड़ों को संयुक्त बैंक खाते के लिए नामांकन करने में सक्षम बनाने, पेंशन, ग्रेच्युटी आदि से मिलने वाले अधिकारों पर विचार करे। ऐसा होता है तो निश्चित रूप से उनके अधिकारों में बढ़ोतरी होगी।

जहां तक परिवार, समाज, संस्कृति और परंपरा की बात है, जिसकी दुहाई सुप्रीम कोर्ट में दी गई है या जिसके आधार पर कट्टर हिंदुवादी व कट्टर मुस्लिम संगठनों ने फैसले का स्वागत किया है उसका कोई खास मतलब नहीं है। इस तरह के संगठन हर किस्म के सामाजिक बदलाव का विरोध करते हैं। इस तर्क का भी कोई मतलब नहीं है कि समलैंगिक जोड़ों की शादी का इतिहास नहीं है या इसकी परंपरा नहीं है। ऐसा नहीं है कि समाज में कभी ऐसी चीजें नहीं रही हैं। रूथ वनिता और सलीम किदवई ने 'सेम सेक्स लव इन इंडिया' नाम से एक किताब संपादित की है, जिसमें उन्होंने प्राचीन भारत में भी ऐसे संबंध होने का जिक्रकिया है। भारत में गंधर्व विवाह से लेकर देव और ऋषि विवाह तक की परंपरा रही है। इच्छा मात्र से गर्भ धारण करने की कहानियां भारत के धर्मशास्त्रों में मिलती है। बिना पुरुष के संसर्ग के बच्चा पैदा करने की भी अनेक धार्मिक कहानियां हैं। आधुनिक काल तक भारत में विधवा विवाह नहीं होते थे, अंतरजातीय विवाह की मान्यता नहीं थी, अंतरधार्मिक विवाह एलियन की तरह थे। लिव इन रिलेशनशिप के बारे में भी कभी नहीं सोचा गया था। लेकिन जब दुनिया बदलने लगी तो भारत का समाज भी बदला। जिस दिन से तलाक की कानूनी व्यवस्था को स्वीकार किया गया उसी दिन शादी भी एक कानूनी व्यवस्था बन गई। अब हर जगह मैरिज रजिस्ट्रेशन की जरूरत है। पासपोर्ट, वीजा आदि में इसका खास ध्यान दिया जा रहा है। दुनिया के दो दर्जन से ज्यादा देशों ने अपने यहां समलैंगिक विवाह को मान्यता दे दी है और सवा सौ से ज्यादा देशों में समलैंगिकता को अपराध के दायरे से बाहर कर दिया गया है। भारत में भी इस दिशा में काम चल रहा है। यह सही है कि एलजीबीटीक्यू समुदाय के लिए अदालत का फैसला निराशाजनक है लेकिन इसमें वे उम्मीद की किरण भी देख सकते हैं।

# पुतिन की बांछें खिली चैन से चीन में!

**श्रुति व्यास**

लंबे अरसे बाद व्लादिमीर पुतिन चैन की साँस लेते दिख रहे हैं। पश्चिमी एवं अन्य देशों का ध्यान इजराइल-हमास युद्ध पर है और दुनिया भर के नेता इजराइल जा रहे हैं झ हम आपके साथ खड़े हैं का संदेश देने; नेतन्याहू को थोड़ा संयम बरतने के लिए राज़ी करने; गाजा तक राहत सामग्री पहुंचाने की कोशिश करने और ईरान और उसके समर्थकों को युद्ध को दखल न देने के लिए आगाह करने।

इस बीच पुतिन स्वयं द्वारा छेड़े गए युद्ध से कुछ समय निकालकर चीन की यात्रा पर निकल गए। वे शी जिन पिंग की मेजबानी में आयोजित बेल्ट एंड रोड शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने बीजिंग पहुंचे। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से पुतिन बहुत कम मौकों पर रूस से बाहर निकले हैं। इस सम्मेलन में शामिल हुए 130 देशों के नेताओं और अधिकारियों के बीच उनका स्वागत एक ख़ास मेहमान की तरह हुआ। चीन ने उनके लिए लाल कालीन बिछाया।

हमारी धरती दो खेमों में बंट गई है। इजराइल, यूक्रेन और पश्चिम एक ओर और चीन, रूस और दुनिया के अन्य तटस्थ देश दूसरी ओर। इजराइल के प्रति पुतिन की उदासीनता से बहुत कुछ जाहिर होता है।नेतन्याहू उर्फ बीबी और पुतिन अच्छे दोस्त रहे हैं, उनके बीच घनिष्ठता रही है वे एक-दूसरे के प्रशंसक हैं। पिछले दो दशकों से इजराइल की राजनीति के केन्द्र में रहे बीबी को मोदी और पुतिन जैसे चौड़े सीने वाले नेता भाते हैं। दूसरी ओर पुतिन, इजराइल को अपना रुआब दिखाने में न झिझकने वाली एक क्षेत्रीय ताकत के रूप में पसंद करते हैं। और रूस में दम तोड़ते लोकतंत्र के प्रति नेतन्याहू की उदासीनता भी उन्हें माफिक आती है।

बीबी पिछले वर्षों में रूस की एक दर्जन यात्राएं कर चुके हैं और यूक्रेन-रूस युद्ध के सन्दर्भ में उन्होंने न तो रूस के खिलाफ एक शब्द कहा और ना ही यूक्रेन की हथियार देकर मदद की। इसलिए जब पुतिन ने हमास के हमले के बाद नेतन्याहु से फोन पर बात करने में पूरे नौ दिन लगा दिए तो सभी को बहुत अचरज हुआ।

यह कोई छुपी बात नहीं है कि रूस फिलिस्तीनी राष्ट्र का समर्थक रहा है, उसने फिलिस्तीनी लड़ाकों को प्रशिक्षण दिया और उन अरब देशों को हथियार दिए जिनने 1973 में इजराइल पर हमला किया था। रूस सीरिया के तानाशाह बशर अल असद का भी साथी है और उसके ईरान से हमेशा से अच्छे रिश्ते रहे हैं। वह साईप्रस के भी नज़दीक आ गया है, तुर्की की ओर भी दोस्ती का हाथ बढ़ा रहा है और मिस्त्र से भी रिश्ते बेहतर कर रहा है।



हमास के इजराइल पर अचानक हमले में रूस की कोई भूमिका नहीं रही होगी और ना ही उसे इसके बारे में पहले से कोई जानकारी होगी। लेकिन बीबी से फोन पर हुई बातचीत में हमास की बर्बरता की निंदा न कर पुतिन ने जता दिया कि मध्यपूर्व के घटनाक्रम से उनकी बांछें खिल गयी हैं।

उन्हें शायद यह उम्मीद भी होगी कि इजराइल-हमास युद्ध अरब दुनिया के अन्य हिस्सों तक फैल जाएगा और इस सारी उथलपुथल के नतीजे में रूस-यूक्रेन युद्ध पर से लोगों का ध्यान हट जाएगा। बाईडन प्रशासन को पहले ही कांग्रेस से यूक्रेन की मदद के लिए प्रस्तावित बजट पारित करवाने में दिक्कत आ रही है।

अब उसे इजराइल के मामले में भी ऐसा ही करना होगा। इसके पारित होने की प्रबल संभावना है, लेकिन मध्यपूर्व में टकराव बढने् पर यूक्रेन को मिलने वाली युद्ध सहायता में कमी आएगी, जिसका फायदा पुतिन को होगा। मध्यपूर्व के हालात का फायदा उठाते हुए मास्को ने यूक्रेन के डोमबास इलाके में अवडीव्का के आसपास के क्षेत्र पर दुबारा कब्जा करने का महंगा और महत्वाकांक्षी 10-दिवसीय अभियान प्रारंभ कर दिया है। यदि गाजा और इजराइल का घटनाक्रम न हुआ होता तो यह अभियान दुनिया भर के अखबारों की सुर्ख़ियों में होता।

यह युद्ध रूस के लिए आर्थिक दृष्टि से भी फायदेमंद होगा। तेल और गैस की कीमतें बढने् से रूस (और ईरान) की आमदनी बढ़ेगी जिसका उपयोग यूक्रेन युद्ध में किया जा सकेगा। लेकिन रूस को इससे अधिक खुशी इस बात से होगी कि मध्यपूर्व के संबंध में अमरीकी योजनाएं धरी की धरी रह गईं। पुतिन ने जोर देकर मध्यपूर्व में तनाव बढने् का दोष इस इलाके में जंगी जहाज़ भेजने के अमरीका के फैसले पर मढ़ा था। उन्होंने यह भी कहा था कि इस तरह के क्षेत्रीय टकराव ''साझा खतरा हैं जिनसे रूस-चीन संबंधों को मजबूत करने में सहायता मिलती है"।यह सच है कि पुतिन की ही तरह शी जिनपिंग भी इस बढ़ती उथलपुथल से आल्हादित हैं।

चीन ने भी हमास की निंदा नहीं की है जिससे इजराइल को कुछ ढांढ़स बंधता। वाल स्ट्रीट जर्नल की एक खबर के मुताबिक गाजा में घुसने की तैयारी कर रही हथियारों से लैस इजरायली सेना और टकराव के क्षेत्र की ओर बढ़ते अमरीकी युद्धपोतों की तस्वीरें एकसाथ प्रकाशित कर चीनी समाचार माध्यम यह धारणा उत्पन्न करने का प्रयास कर रहे हैं कि यह सब वाशिंगटन के नेतृत्व में हो रहा है। और बेल्ट एंड रोड सम्मेलन में शी जिन पिंग ने अमरीकी नेतृत्व के विकल्प के रूप में अपने देश को प्रस्तुत किया और व्लादिमीर पुतिन को भी एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने का मौका दिया।

इजराइल और हमास के बीच टकराव की ओर दुनिया का ध्यान केन्द्रित होने से जहाँ क्रेमलिन खुश है वहीं बीजिंग अमरीका की प्रतिष्ठा गिरने और उसके बोलबाले को चुनौती दिए जाने से प्रसन्न है। लेकिन इजराइल और ईरान समर्थक किसी अन्य संगठन के बीच यदि एक बड़ी जंग छिड़ती है तो मास्को और बीजिंग दोनों के लिए मुश्किलें बढ़ जाएंगी। और दुनिया शायद दो हिस्सों में बंट जाए।

# माइक्रोग्रीन्स के सेवन से मिल सकते हैं कई स्वास्थ्य लाभ



माइक्रोग्रीन्स खाने के रंग, बनावट और स्वाद को बढ़ा सकते हैं और अंकुरित अनाज की तुलना में अधिक पौष्टिक माने जाते हैं।ये एंटीऑक्सीडेंट, कैरोटीनॉयड और फाइटोकेमिकल घटक से भरपूर होते हैं, जो हृदय रोग, कैंसर और मधुमेह सहित कई बीमारियों को रोकने और उनका प्राकृतिक रूप से इलाज करने में मदद कर सकते हैं।आइए जानते हैं कि थोड़ी-सी मात्रा में माइक्रोग्रीन्स का इस्तेमाल करने से ही क्या-क्या स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं।

**हृदय को स्वस्थ रखने में है कारगर**

माइक्रोग्रीन्स में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट और कैरोटीनॉयड यौगिक हृदय को स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं।एक पशु अध्ययन में पाया गया कि माइक्रोग्रीन्स खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करके अच्छे कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित कर सकते हैं। साथ ही इसमें मौजूद पॉलीफेनोल्स सूजन प्रतिक्रिया को कम करने में मदद कर सकते हैं।ये एंडोथेलियल फंक्शन में सुधार और प्लेटलेट्स के जमाव को भी रोक सकते हैं।

**कैंसर से लडने् में है प्रभावी**

माइक्रोग्रीन्स में एंटी-प्रोलिफेरेटिव प्रभाव होता है। इसलिए इसका रोजाना सेवन करने से कोलन कैंसर के खतरे को कम करने में मदद मिल सकती है।इसके अलावा इसमें मौजूद एंटी-ट्यूमर गुण कैंसर को बढ़ाने वाले टिशू को नष्ट करने में मददगार माना जाता है।हालांकि, कैंसर रोगियों को माइक्रोग्रीन्स के सेवन से ज्यादा इस बीमारी के इलाज को प्राथमिकता देनी चाहिए।

**मधुमेह के जोखिम कर सकते हैं कम**

खून में शुगर की मात्रा बढने् से मधुमेह का खतरा हो सकता है, जिसके जोखिमों को कम करने में माइक्रोग्रीन्स काफी मदद कर सकते हैं।कई अध्ययनों के मुताबिक, माइक्रोग्रीन्स में एंटी-डायबिटिक गुण होते हैं, जो खून में मौजूद ग्लूकोज की मात्रा को कम करने और इंसुलिन संवेदनशीलता को नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं।इस प्रकार से यह गुण मधुमेह को नियंत्रित करने में फायदेमंद हो सकता है।

**पाचन क्रिया के लिए है लाभदायक**

पाचन क्रिया शरीर का अहम भाग है, जिसका स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है। इसकी मदद से ही शरीर को पोषण मिलने में मदद मिलती है।

माइक्रोग्रीन्स का सेवन पाचन क्रिया को ठीक रखने में मदद कर सकता है क्योंकि इसमें लिनालूल नामक कंपाउंड पाया जाता है, जो पाचन से जुड़ी कई समस्याओं को दूर रखने में सक्षम है।अगर आप पाचन से जुड़ी किसी समस्या से ग्रस्त हैं तो रोजाना माइक्रोग्रीन्स का सेवन करें।

**वजन नियंत्रित रखने में है मददगार**

वजन का बढना् एक गंभीर समस्या है, जो शरीर को न जाने कितनी तरह की बीमारियों की चपेट में ढकेल सकती है। इसलिए हमेशा वजन को नियंत्रित रखने कोशिश करते रहना चाहिए।इसके लिए माइक्रोग्रीन्स का सेवन करना फायदेमंद हो सकता है क्योंकि इसमें क्वेरसेटिन नामक फ्लेवोनोइड पाया जाता हैं। क्वेरसेटिन में एंटी-ओबेसिटी गुण होते हैं, जो शरीर की अतिरिक्त चर्बी को कम करने में मदद कर सकते हैं।

# क्या रोज-रोज दही खाना है नुकसानदायक, जानें क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स



दही कई विटामिंस और मिनरल्स से भरपूर हेल्दी फूड है. बहुत से लोग इसे बड़े ही चाव से खाते हैं. दही खाकर शरीर के लिए जरूरी कई पोषक तत्वों को पूरा किया जा सकता है. लेकिन क्या रोज-रोज दही (ष्ट्वह्वह्म्) खाना सही है या फिर इसके कुछ नुकसान भी हो सकते हैं. इसे लेकर एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर आपका शरीर स्वस्थ है और आप सीमित मात्रा में दही खा रहे हैं तो इसका कोई साइड इफेक्ट्स नहीं होगा लेकिन अगर रात में दही खाते हैं और इसकी वजह से कफ बन रहा है तो डॉक्टर इसे खाने से मना कर सकते हैं. ऐसे में जानें रोज-रोज दही खाने से शरीर पर क्या इफेक्ट्स होते हैं...

**दही से मिलता है प्रोटीन**

शरीर के सेल्स को बढने् के लिए अमिनो एसिड की आवश्यकता होती है, जो प्रोटीन से मिलता है. मसल्स, स्किन, बाल, नाखून सब प्रोटीन से ही बनी होती है. ऐसे में अगर प्रतिदिन प्रोटीन शरीर तक पहुंचाना है तो दही सबसे अच्छा माध्यम है.

रिपोर्ट के अनुसार, 100 ग्राम दही खाकर 11.1 ग्राम प्रोटीन की पूर्ति की जा सकती है.

**प्रोबायोटिक्स**

आंतों में बहुत सारे बैक्टीरिया होते हैं, जो खाना पचाने से लेकर पोषण तक में मदद करते हैं. इनकी संख्या बनाए रखने में दही मददगार होती है. इसे खाने से कब्ज, ब्लोटिंग, गैस, पेट में गर्मी जैसी समस्याओं को दूर किया जा सकता है.

**कैल्शियम**

हमारे शरीर की हड्डियों के लिए कैल्शियम बेहद ही जरूरी है. इसकी कमी से हड्डियां कम और कमजोर होने लगती हैं. ऐसे में दही खाकर कैल्शियम की पूर्ति की जा सकती है. दही में अच्छी-खासी मात्रा में कैल्शियम पाया जाता है.

**विटामिन बी12**

शरीर में नसों, दिमाग और खून के लिए विटामिन बी 12 जरूरी होता है. यह विटामिन बहुत कम फूड्स में पाया जाता है. इसकी कमी आजकल लोगों में ज्यादा देखने को मिल रही है. चूंकि दही दूध से बनी होती है, इसलिए इससे विटामिन बी12 की थोड़ी मात्रा प्राप्त हो जाती है.

**एनर्जी**

अगर आपको बहुत ज्यादा थकान और कमजोरी होती है तो दही खाना चाहिए. इसे खाने से एनर्जी और ताजगी मिलती है और थकावट दूर होती है. हर दिन सीमित मात्रा में दही खाकर शरीर को कई फायदा पहुंचा सकते हैं.

# शीतकालीन सत्र इस बार भी छोटा होगा

संसद का शीतकालीन सत्र इस बार भी छोटा होगा। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की वजह से सत्र को छोटा किया जा सकता है। आमतौर पर सत्र एक महीने का होता है। नवंबर के तीसरे हफ्ते में संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होता है और दिसंबर के तीसरे हफ्ते में खत्म होता है। लेकिन नवंबर में चुनाव चल रहे होंगे। पांच राज्यों के चुनाव नवंबर में ही हैं। मिजोरम में सात नवंबर को चुनाव है। मध्य प्रदेश में सभी 230 सीटों और छत्तीसगढ़ के दूसरे चरण की 70 सीटों पर 17 नवंबर को मतदान होगा। राजस्थान की सभी 200 सीटों पर 25 नवंबर को और तेलंगाना की सभी 119 सीटों पर 30 नवंबर को मतदान होगा। तीन दिसंबर को पांचों राज्यों में वोटों की गिनती होगी।

इस तरह नवंबर के अंत तक संसद का सत्र शुरू होने की संभावना नहीं है। तीन दिसंबर को वोटों की गिनती के दिन रविवार है। इसलिए ज्यादा संभावना चार दिसंबर से सत्र शुरू होने की है। बताया जा रहा है कि यह सत्र दो हफ्ते का हो सकता है। यानी 20 दिसंबर तक संसद सत्र समाप्त हो जाएगा। वैसे भी उसके बाद क्रिसमस वगैरह की छुट्टी हो जाती है।

## पीएम मोदी, अमित शाह और नड्डा ने देशवासियों को दी महानवमी की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने देशवासियों को महानवमी की शुभकामनाएं दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के हर परिवारजन को संकल्प की सिद्धि का आशीर्वाद देने की प्रार्थना करते हुए एक्स पर एक पोस्ट में कहा, नवरात्रि की महानवमी सिद्धि और मोक्षदायिनी मां सिद्धिदात्री की उपासना का दिन है। देवी मां से प्रार्थना है कि वे देश के मेरे हर परिवारजन को संकल्प की सिद्धि का आशीर्वाद दें।

अमित शाह ने देशवासियों को महानवमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा, आप सभी को महानवमी के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। माता रानी सभी पर अपनी कृपा बनाये रखें। जय माता दी! भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने देशवासियों के सुख-सौभाग्य और समृद्धि की प्रार्थना करते हुए एक्स पर पोस्ट में कहा, सिद्ध गन्धर्व यक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि। सेव्यमाना सदा भूयात् सिद्धिदा सिद्धिदायिनी। शारदीय नवरात्रि की नवमी तिथि पर मां जगत जननी से समस्त देशवासियों को सुख-सौभाग्य और समृद्धि की प्रार्थना करता हूं। मां सिद्धिदात्री सभी के संकल्प सिद्ध करें, आप सभी को महानवमी की हार्दिक शुभकामनाएं। जय माता दी!

## सद्दाम हुसैन की बेटी को 7 साल जेल, कोर्ट में साबित हुआ यह जुर्म

**बगदाद ,एजेंसी।** इराक के पूर्व राष्ट्रपति और तानाशाह सद्दाम हुसैन की बड़ी बेटी रगद हुसैन को बगदाद कोर्ट ने 7 साल जेल की सजा सुनाई है। रगद पर अपने पिता की प्रतिबंधित बाथ पार्टी को प्रमोट करने के आरोप थे। अमेरिका ने अपने सहयोगियों के साथ 2003 में ऑपरेशन इराकी फ्रीडम चलाया था। इसके तहत इराक पर हमला किया गया और सद्दाम हुसैन की सरकार गिरा दी गई। सद्दाम की पार्टी 'बाथ' को बैन और भंग कर दिया गया था। 2003 में अमेरिका और ब्रिटेन ने इराक पर हमला कर सद्दाम को गिरफ्तार कर लिया था और फांसी दे दी थी। इसी के साथ इराक में सद्दाम शासन का खात्मा हुआ था, जिसके बाद उसकी पार्टी को भंग कर दिया गया और उस पर प्रतिबंध लगा दिए गए थे। सद्दाम हुसैन की बेटी रगद ने 2021 में एक इंटरव्यू दिया था।

## इजरायल गाजा को मानवीय सहायता नहीं देगा

**येरूशलम ,एजेंसी।** इजरायल गाजा पट्टी में कोई मानवीय सहायता नहीं देगा और अन्य देशों से किसी भी अनियंत्रित आपूर्ति को भी रोकेगा। प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह जानकारी दी। 'इजरायल गाजा को कोई मानवीय सहायता नहीं देगा और दूसरों से किसी भी असुरक्षित आपूर्ति को रोक देगा।'उल्लेखनीय है कि 07 अक्टूबर को, फिलिस्तीनी समूह हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ एक अचानक बड़े पैमाने पर रॉकेटों से हमला किया।

## कपड़े दिलाने का झांसा देकर उड़ाई मोटरसाइकिल

हरिद्वार। दुर्घटना में घायल पौड़ी गढ़वाल के युवक को नए कपड़े दिलाने का झांसा देकर एक शातिर उसकी मोटरसाइकिल लेकर रफूचक्कर हो गया। पीड़ित युवक ने इस संबंध में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

पुलिस को दी गई शिकायत में गिरीश चंद्र निवासी उमरावनगर पदमपुर मोटाढाक कोटद्वार पौड़ी गढ़वाल ने बताया कि वह 18 अक्तूबर को हरिद्वार आ रहा था। अलकनंदा होटल के पास पहुंचते ही हुई दुर्घटना में वह घायल हो गया। इसी दौरान उसके पास एक व्यक्ति आया।

उक्त व्यक्ति उसे अपने साथ लेकर जिला अस्पताल पहुंचा। फिर उसने उसे कपड़े दिलाने की बात कही।

# गाजा पट्टी की जनता गरीबी-भुखमरी की शिकार

## हमास चलाने वाले आतंकी विदेश में जी रहे आलीशान जिंदगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस्राइल और हमास के बीच लड़ाई जारी है। इस्राइली सेना हमास के आतंकी ठिकानों को जड़ से मिटाने के लिए गाजा पट्टी में जमीनी हमले की तैयारी कर रही है। 7 अक्तूबर को इस्राइल पर घातक हमले के बाद से यह हमास चर्चा में है। इस जंग के बीच हमास और उससे जुड़े लोगों को लेकर नए-नए खुलासे हो रहे हैं। इसी बीच, द संडे टाइम्स की रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि वेस्ट बैंक में ऑपरेशन चलाने वाला हमास आतंकी मुहम्मद कासिम सवाल्हा ब्रिटेन में सरकार से जुड़े आलीशान बंगले में ठाठ-बाट वाली जिंदगी जी रहा है। इससे पहले आतंकी संगठन के मुखिया इस्माइल हनिया से जुड़ी बातें सामने आई थीं।

ऐसे में सवाल उठता है कि मुहम्मद कासिम सवाल्हा को लेकर क्या-क्या खुलासा हुआ है? खुलासे पर ब्रिटिश अधिकारियों ने क्या प्रतिक्रिया दी है? आखिर है कौन मुहम्मद कासिम सवाल्हा? इस्माइल हनिया को लेकर क्या जानकारी आई थी? इस्माइल हनिया कौन है? आइए जानते हैं...

ब्रिटिश अखबार द संडे टाइम्स ने हमास आतंकी सवाल्हा को लेकर बड़ा खुलासा किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, सवाल्हा लंदन के बार्नेट में एक आलीशान बंगले में रह रहा है जिसकी फंडिंग सरकार की योजना से हुई है। अहम बात यह है कि पूरी ब्रिटिश यहूदी आबादी का 20 फीसदी बार्नेट में ही निवास करती है।

सवाल्हा ने हाल ही में 3.24 करोड़ रुपये की बार्नेट काउंसिल की संपत्ति खरीदी। जानकारी के अनुसार, इस संपत्ति को खरीदने में सवाल्हा को ब्रिटेन की राइट-टू-बाय योजना के तहत 1.13 करोड़ रुपये की छूट दी गई। दो मंजिला बंगले के साथ यहां एक बगीचा और एक गैरेज भी है। सवाल्हा पत्नी सावन के साथ इस विशाल बंगले में रहता है।

यह पहली बार नहीं है जब सवाल्हा को लेकर खुलासे हुए हों। इससे पहले ब्रिटेन में इस्राइल से जुड़े वकीलों ने 2020 में सवाल्हा की पृष्ठभूमि की जानकारी आतंकवाद विरोधी




पुलिस को दी थी। अब, इस बात की जांच शुरू की जा रही है कि क्या सवाल्हा ने प्रतिबंधों का उल्लंघन किया है।

अखबार के खुलासे के बाद ब्रिटिश अधिकारियों ने पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दी है। परिषद के नेता बैरी रॉलिंग्स ने कहा, 'वह यह सोचकर भयभीत थे कि सवाल्हा हमारे बीच में रह सकता है'। रॉलिंग्स ने कहा कि उन्होंने एक समीक्षा शुरू की है। रॉलिंग्स ने आश्वासन दिया कि इस मामले के पूरे इतिहास की समीक्षा करने के लिए पुलिस और सरकार सहित अन्य हितधारकों के साथ संपर्क किया जाएगा और उचित कार्रवाई की जाएगी। परिषद के नेता ने कहा, 'यह ऐसे समय में सामने आया है जब मध्य पूर्व में बढ़ते संघर्ष के बाद स्थानीय समुदायों को आश्वासन की सख्त जरूरत है और परिषद के रूप में हमारी जिम्मेदारी है कि हम यह सुनिश्चित करें कि हम वह आश्वासन दे सकें।' आतंकवादी सवाल्हा 1990 के दशक में एक रिश्तेदार के पासपोर्ट का इस्तेमाल करके ब्रिटेन में दाखिल हुआ था। तब से सवाल्हा खुद के पास ब्रिटिश नागरिकता होने का दावा करता आया है। वहीं, हमास की बात करें तो यह ब्रिटेन में एक प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन है। लिहाजा हमास का समर्थन करने पर सवाल्हा को आतंकवाद अधिनियम के तहत 14 साल की जेल की सजा हो सकती है। मुहम्मद कासिम सवाल्हा हमास से जुड़ा हुआ है। सवाल्हा वेस्ट बैंक में समूह के आतंकवादी अभियान में लिप्त था और इसके सत्तारुढ़ निकाय में भी काम करता था। इसे भगोड़ा घोषित किया गया है।

सवाल्हा एक रिश्तेदार के पासपोर्ट के जरिए इस्राइली सुरक्षा एजेंसियों से बचकर ब्रिटेन भाग गया था। 1980 के दशक के अंत में वेस्ट बैंक में आतंक फैलाने में हमास की मदद करने के बाद वह इस्राइली से भाग गया और 1990 के दशक की शुरुआत में जॉर्डन से ब्रिटेन आ गया। आतंकी गतिविधियों के बावजूद सावल्हा को 2000 के दशक की शुरुआत में ब्रिटेन में नागरिकता मिल गई। बाद में सवाल्हा ने ब्रिटेन से ही हमास के लिए काम करना जारी रखा। इस्राइली रक्षा मंत्रालय ने सवाल्हा को आधिकारिक तौर पर हमास सदस्य के रूप में नामित किया है और अगर वह देश लौटता है तो उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इसके अलावा, अमेरिकी न्याय विभाग ने भी सवाल्हा के खिलाफ अभियोग तय किए हैं। न्याय विभाग ने हमास आतंकी के खिलाफ इस्राइल में आतंकवादी कृत्यों को पुनर्जीवित करने का आरोप लगाया है।

वर्तमान में आतंकी संगठन हमास की कमान इस्माइल हनिया के हाथों में है। 2018 में हनिया को अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा आतंकवादी नामित किया गया था। सवाल्हा की तरह हनिया भी विदेश में बैठकर आतंकी संगठन को चला रहा है। जहां गाजा के आम लोग दाने-दाने को मोहताज हैं। वहीं, हमास प्रमुख और उसका परिवार कतर में ऐशो-आराम की जिंदगी जी रहा है। 7 अक्तूबर को इस्राइल पर हमास के हमले के एक वीडियो वायरल हुआ हुआ जिसमें इस्माइल कतर की राजधानी दोहा में अपने शानदार कार्यालय में आतंकी हमले का समर्थन करता नजर आया। 2006 में फलस्तीन के आम चुनावों में हमास की जीत के बाद से ही संगठन में हनिया का दबदबा बढ़ने लगा। उसे गाजा पट्टी में फलस्तीनी प्राधिकरण का प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया। इस दौरान मिस्र से गाजा पट्टी में आयातित वस्तुओं पर लगाए गए भारी कर लगाकर हनिया ने अपनी संपत्ति कई गुना बढ़ा ली। 2014 में हमास द्वारा सभी व्यापार पर 20 प्रतिशत कर लगाए जाने की घोषणा की गई थी। एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि इन करों की वजह से हमास के 1,700 टॉप कमांडर करोड़पति बन गए।

2010 में हनिया ने शाती शरणार्थी शिविर के पास करीब 33 करोड़ रुपये की जमीन खरीदी थी जिसे उसने अपने दामाद के नाम पर किया था। तब से हनिया ने गाजा पट्टी में कई अपार्टमेंट, विला और इमारतें खरीदी हैं, जो उसके बच्चों के नाम पर पंजीकृत हैं।

हनिया के कई बेटों की विदेश में लक्जरी नाइट क्लबों में शराब पीने की तस्वीरें भी सामने आई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, हनिया के बच्चों के पास जनरेटर हैं जिससे उत्पन्न होने वाली बिजली को वो अच्छी कीमत पर बेंचते हैं।

# बांग्लादेश में मालगाड़ी से टकराई यात्री ट्रेन

## एक दर्जन से ज्यादा की मौत, 100 घायल

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में सोमवार को एक यात्री ट्रेन और एक मालगाड़ी के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। भैरब रेलवे थाने के ड्यूटी अधिकारी सिराजुल इस्लाम ने बताया कि चटोग्राम की ओर जा रही मालगाड़ी किशोरगंज में स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 3.30 बजे ढाका आ रही एगारो सिंदुर एक्सप्रेस से टकरा गई।

बांग्लादेश अग्निशमन सेवा एवं नागरिक सुरक्षा मीडिया प्रमुख शाहजहां सिकदर ने कहा कि मलबे से अब तक 15 शव बरामद किए गए हैं। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। अग्निशमन सेवा की एक दर्जन से अधिक इकाइयां बचाव अभियान चला रही हैं। ढाका रेलवे पुलिस अधीक्षक अनवर हुसैन ने कहा कि प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार मालगाड़ी ने एगारो सिंदुर एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मार दी।

दुर्घटना ढाका से लगभग 80 किलोमीटर दूर भैरब में हुई। राजधानी ढाका के पास किशोरगंज में हुई दुर्घटना में एक दर्जन से ज्यादा लोगों की मौत होने की आशंका है। टक्कर में कई अन्य लोगों के घायल होने की खबर है। यह संख्या बढ़ भी सकती है।दुर्घटना के बाद देश के अन्य हिस्सों के लिए ट्रेन सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। स्थानीय मीडिया ने प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से बताया कि दुर्घटना में कई लोगों के घायल होने की आशंका है। कई लोग अब भी



ट्रेन के नीचे फंसे हुए हैं।

भैरब के एक अधिकारी सादिकुर रहमान ने बताया कि हमने 15 शव बरामद कर लिए हैं, कई घायल अब भी फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि अभी भी शवों को कुचले हुए और पलटे हुए डिब्बों के नीचे फंसे हुए देखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि कम से कम 100 लोग घायल हुए हैं।रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कई घायल क्षतिग्रस्त डिब्बों के नीचे दबे हुए हैं। अग्निशमन सेवा कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है। स्थानीय पुलिस अधिकारी सिराजुल इस्लाम ने कहा कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि बचाव अभियान जारी है।

## दिल्ली में फुट ओवरब्रिज का हिस्सा गिरा, किसी के घायल होने की खबर नहीं

**नई दिल्ली,एजेंसी ।** पूर्वी दिल्ली में क्रेन ले जा रहे एक ट्रक की चपेट में आने से एक फुटओवर ब्रिज का एक हिस्सा ढह गया। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ।

पुलिस के मुताबिक, रविवार-सोमवार की दरमियानी रात 12:34 बजे लक्ष्मी नगर थाने में पुलिस कंट्रोल रूम की कॉल आई कि ललिता पार्क के पास सडक़ पर एक फुटओवर ब्रिज गिरा हुआ है।

मौके पर पहुंचने पर पता चला कि क्रेन से लदा एक बड़ा ट्रक ललिता पार्क फुट ओवरब्रिज के नीचे से गुजर रहा था और ओवर-ब्रिज से टकराया।एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, इसके कारण पुल का एक हिस्सा सडक़ पर गिर गया। इससे एक तरफ का ट्रैफिक रूक गया।

## अंतरराष्ट्रीय राजनीति के कठिन दौर में जी-20 शिखर सम्मेलन फायदेमंदः जयशंकर

**नई दिल्ली,एजेंसी ।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति के एक बहुत ही कठिन दौर में वैश्विक कूटनीति की समग्रता में, जी20 शिखर सम्मेलन लाभदायक है।

राष्ट्रीय राजधानी में जी20 वृक्षारोपण कार्यक्रम में जयशंकर ने कहा, आज हमारे पास संतुष्ट होने के दो कारण हैं। अंतरराष्ट्रीय राजनीति के एक बहुत ही कठिन दौर में वैश्विक कूटनीति की समग्रता में वैश्विक बही-खाते के सकारात्मक पक्ष पर जी20 (शिखर सम्मेलन) एक बड़ा प्लस था।

दूसरे, इसने एक ऐसा देश बनाया है, जो आज पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जो कई मायनों में बहुत तेजी से वैश्वीकरण कर रहा है, इसने इस समाज को बाकी दुनिया के साथ कहीं अधिक जोड़ा है।विदेश मंत्री ने कहा कि जब उनसे जी20 शिखर सम्मेलन से प्राप्त उपलब्धियों के बारे में पूछा जाता है, तो वे कुछ प्रमुख उपलब्धियां गिनाते हैं।जैसा कि हम शिखर सम्मेलन (जी20) के बाद की खुशी का आनंद ले रहे हैं, मुझसे अक्सर पूछा जाता है कि आपने वास्तव में क्या किया है? जब मैं देखता हूं कि हमने क्या किया है, तो मेरे लिए चार से पांच मुख्य बातें सामने आती हैं। इनमें हरित विकास समझौता, महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास का संदेश, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के लिए समर्थन, लीएफई मिशन। जयशंकर ने कहा,इन सब के अंत में, एक था, बहुत मजबूत स्थिरता, हरित, वैश्विक दक्षिण छवि, जो जी20 से सामने आई।

# विनाशकारी हुआ चक्रवाती तूफान तेज, बंगाल की खाड़ी में उठ रहा हामून मचा सकता है तबाही

**नईदिल्ली,एजेंसी ।** अरब सागर में उठा चक्रवाती तूफान तेज और विनाशकारी हो गया. उधर बंगाल की खाड़ी में भी हामून नाम का एक चक्रवात बन गया है. आईएमडी के मुताबिक, चक्रवात तेज रविवार को भीषण चक्रवाती तूफान में बदल गया. इसके बाद ये ओमान-यमन के तटों की ओर बढ़ गया. जिससे भारत के लिए पैदा हुआ खतरा भी टल गया. हालांकि बंगाल की खाड़ी में उठा हामून चक्रवात अभी भी चिंता का विषय बना हुआ है. क्योंकि अभी यह शुरुआती दौर में है और ये आने वाले कुछ घंटों में भीषण रूप ले सकता है. बताया जा रहा है कि साल 2018 में पूर्व और पश्चिम दिशाओं में एक साथ चक्रवाती तूफान आया था. जिसने भारी तबाही मचाई थी.

आईएमडी के मुताबिक, अरब सागर में उठा चक्रवाती तूफान तेज उत्तर-पश्चिम की ओर लगातार बढ़ रहा है. जिसके 25 अक्तूबर (बुधवार) की सुबह यमन के अल गैदाह और ओमान के सलालाह के बीच यमन-ओमान तटों को पार करने का अनुमान है. जब ये तूफान ओमान और यमन के तटों को पार करेगा उस दौरान यहां हवा की रफ्तार 115 से 125 किमी प्रति घंटे से लेकर 140 किमी प्रति घंटे तक हो सकती है. मौसम विभाग की मानें तो भीषण चक्रवाती तूफान तेज अत्यंत गंभीर चक्रवाती तूफान में बदल चुका है. रविवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे ये यमन के सोकोट्रा से लगभग 160 किमी पूर्व-दक्षिण और ओमान के सलालाह से 540 किमी दक्षिण-पूर्व, जबकि यमन के अल गैदाह से 550 किमी दक्षिण-पूर्व में स्थित था.

भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में पैदा हुआ चक्रवात हामून भी लगातार सक्रिय होता जा रहा है. जिसके पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी में और अधिक तीव्र होकर गहरे दबाव में बदलने की आशंका है. इसके बाद ये अलगे तीन दिनों में बांग्लादेश और पास के पश्चिम बंगाल तटों तथा उत्तर-पूवीत्तर की ओर बढने् लगेगा. स्काईमेट वेदर के मुताबिक, हामून तूफान के कल यानी मंगलवार तक चक्रवाती तूफान में बदलने की संभावना है. मौसम विभाग के मुताबिक, फिलहाल दोनों तूफानों (हामून और तेज) के भारतीय तटों से टकराने की संभावना बहुत कम है. जिससे इनका भारत में असर नहीं होगा. हालांकि तमिलनाडु और चेन्नई के तटीय इलाकों में इसका असर देखने को मिल सकता है. वहीं ओडिशा, तमिलनाडु और केरल के आंतरिक हिस्सों में इस तूफान के चलते बारिश होने की संभावना है.

## दिल्ली के पार्क में प्रेमिका के भाई ने युवक को घोंपा चाकू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिणी दिल्ली के एक पार्क में 20 वर्षीय एक युवक को उसकी प्रेमिका के भाई और उसके सहयोगी ने कई बार चाकू मारा। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। घटना रविवार की है जब युवक एक पार्क में लडक़ी के साथ बैठा था। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है. पुलिस के मुताबिक, रविवार दोपहर तीन बजे। पुलिस नियंत्रण कक्ष को मालवीय नगर पुलिस स्टेशन में चाकूबाजी की घटना के संबंध में एक कॉल प्राप्त हुई थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, खिडक़ी एक्सटेंशन निवासी घायल फैज अली को अस्पताल ले जाया गया। पूछताछ करने पर घायल ने बताया कि वह एक लडक़ी के साथ पार्क में बैठा था। अधिकारी ने कहा, लडक़ी का भाई कैफी मलिक और एक अफगानी हारुन पार्क में आए और उससे पूछा कि वह अपनी बहन के साथ क्यों बैठा है।

# अमेरिका में कार हादसे के बाद भारतवंशी सिख बुजुर्ग को बेरहमी से पीटा, सिर में गहरी चोट लगने से मौत

**न्यूयॉर्क ,एजेंसी।** न्यूयॉर्क शहर में एक कार दुर्घटना के बाद 30 वर्षीय एक शख्स द्वारा बार-बार मुक्का मारे जाने से एक बुजुर्ग सिख की मौत हो गई। एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है। 66 वर्षीय जसमेर सिंह को गंभीर हालत में क्वींस के जमैका हॉस्पिटल मेडिकल सेंटर ले जाया गया, जहां 19 अक्टूबर को उन पर हमले के एक दिन बाद मस्तिष्क की चोट के कारण उनकी मृत्यु हो गई।

आरोपी गिल्बर्ट ऑगस्टिन को 20 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने कहा कि सिंह और ऑगस्टिन की कारें 19 अक्टूबर को दोपहर करीब 12 बजे केव गार्डन में हिलसाइड एवेन्यू के पास वैन विक एक्सप्रेसवे पर टकरा गईं थीं। अभियोजकों ने गवाहों के हवाले से कहा कि उन्होंने एक व्यक्ति को कोई पुलिस नहीं, कोई पुलिस नहीं कहते हुए सुना, जब सिंह 911 पर कॉल करने गए और उन्होंने उसे सिंह के हाथों से फोन छीनते हुए देखा।

सिंह कार से बाहर निकले और अपना फोन वापस पाने की कोशिश में ऑगस्टिन का पीछा किया। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि जब सिंह अपना फोन वापस लेने के बाद अपनी कार की ओर वापस जा रहे थे, तो ऑगस्टिन ने उनके सिर और चेहरे पर तीन बार मुक्का मारा।

सिंह जमीन पर गिर गए और उनके सिर पर चोट लगी, जबकि ऑगस्टिन वापस अपनी फोर्ड मस्टैंग में बैठा और चला गया। पुलिस ने ऑगस्टिन को दुर्घटनास्थल से लगभग दो मील दूर गिरफ्तार किया और पाया कि उसका लाइसेंस निलंबित था और उसकी अलबामा लाइसेंस प्लेट उसके न्यूयॉर्क पंजीकरण से मेल नहीं खाती थी।

21 अक्टूबर को क्वींस में एक अभियोग के बाद, ऑगस्टिन को बिना जमानत के हिरासत में रखा गया है। एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि न्यूयॉर्क पुलिस विभाग (एनवाईपीडी) हेट क्राइम टास्क फोर्स अभी तक इस घटना की जांच नहीं कर रही है, जिसके बारे में उनका मानना है कि यह एक कार दुर्घटना के कारण हुई थी। घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए, न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स ने कहा कि वह घटना के बाद समुदाय की जरूरतों पर चर्चा करने के लिए इस सप्ताह सिख नेताओं से मुलाकात करेंगे।

एडम्स ने एक्स पर लिखा,जसमेर सिंह अपने शहर से प्यार करते थे। सभी न्यूयॉर्कवासियों की ओर से, मैं चाहता हूं कि हमारा सिख समुदाय यह जाने कि आपके पास हमारी संवेदनाओं से कहीं अधिक है। आपने पवित्र प्रतिज्ञा की है कि हम उस नफरत को अस्वीकार करते हैं, जिसने इसे जन्म दिया है। उन्होंने कहा, हमारी टीम इस चुनौतीपूर्ण क्षण में समुदाय की जरूरतों पर चर्चा करने के लिए इस सप्ताह सिख नेताओं से मुलाकात करेगी।

# कांग्रेस ने आईटी रिटर्न डेटा का हवाला देते हुए बढ़ती असमानता पर की सरकार की आलोचना

**नई दिल्ली,एजेंसी ।** कांग्रेस ने सोमवार को आयकर रिटर्न के आंकड़ों का हवाला देते हुए बढ़ती आर्थिक असमानताओं पर सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि मोदी सरकार के तहत अति-अमीर और मध्यम वर्ग के बीच खाई बढ़ती जा रही है।

एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, 2013-14 से 2021-22 की अवधि के लिए आयकर रिटर्न पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध आंकड़ों का विश्लेषण भारत जोड़ो यात्रा के आवश्यक विषयों में से एक बढ़ती आय असमानता की पुष्टि करता है। मोदी सरकार के तहत अति-अमीर और मध्यम वर्ग के बीच बढ़ती खाई अधिक स्पष्ट है। सरकार के आयकर रिटर्न डेटा का हवाला देते हुए, कांग्रेस नेता ने कहा कि सबूत है कि शीर्ष 1 प्रतिशत आयकर दाताओं ने 2013-14 में कुल आय का 17 प्रतिशत कमाया। जबकि 2021-22 तक, शीर्ष 1 प्रतिशत ने कुल आय का 23 प्रतिशत कमाया।

उन्होंने कहा कि अति-अमीरों की आय वृद्धि मध्यम वर्ग की तुलना में बहुत तेज है। शीर्ष 1 प्रतिशत आयकर दाताओं की आय में 2013-14 से 2021-22 तक साल-दर-साल 13 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो कर के सबसे निचले 25 प्रतिशत की आय की तुलना में 60 प्रतिशत अधिक तेज है। उन्होंने यह भी कहा कि इतना ही नहीं, मुद्रास्फीति के समायोजन के बाद, सबसे कम 25 प्रतिशत करदाताओं ने 2019 की तुलना में 2022 में कम वास्तविक आय हासिल कींी।

रमेश ने कहा,सबसे कम 25 प्रतिशत की सकल आय 11 प्रतिशत गिर गई, वित्त वर्ष 2019 में 3.8 लाख करोड़ रुपये से वित्त वर्ष 22 में 3.4 लाख करोड़ रुपये हो गई। इस बीच, शीर्ष 1 प्रतिशत की वास्तविक आय वित्त वर्ष 2019 में 7.9 लाख करोड़ रुपये से 30 प्रतिशत बढक़र वित्त वर्ष 22 में 10.2 लाख करोड़ रुपये हो गई।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज करते हुए कहा,आंकड़े झूठ नहीं बोलते। केवल प्रधानमंत्री ही ऐसा करते हैं।

कांग्रेस देश में बढ़ती आय असमानताओं को लेकर सरकार की आलोचना करती रही है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी कई मौकों पर और अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भी इस मुद्दे को उठा चुके हैं।

## ईडी अफसर बनकर विधायक के घर पहुंचा शख्स, कमाई और संपत्ति की करने लगा जांच

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** ठगी करने वालों की कहानियां आपने फिल्मों में देखी होंगी। अब ऐसा ही एक मामला सामने आया है। मामला पुडुचेरी का है, जहां एक शख्स खुद को (ईडी) का अधिकारी बताकर विधायकों को अपना निशाना बना रहा था। पुलिस ने इस शख्स को गिरफ्तार कर लिया है। ये शख्स खुद को (ईडी) का अधिकारी बताकर न सिर्फ विधायकों से मुलाकात करता था, बल्कि उनकी संपत्ति और आय का ब्योरा भी मांगता था। पुलिस ने इस फर्जी अधिकारी को रविवार देर रात गिरफ्तार किया है। हालांकि अभी तक इस शख्स का नाम सामने नहीं आया है।

ओल्गारेट विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय विधायक शिवशंकर के मुताबिक एक शख्स बीते रविवार रात के समय स्कूटर से उनके घर आया। शख्स ने खुद को चेन्नई ऑफिस का ईडी का अधिकारी बताया।

इस दौरान शख्स ने विधायक से पिछले कुछ सालों में कमाई गई संपत्ति का ब्योरा मांगा। विधायक ने बताया कि जिस स्कूटर से आरोपी शख्स उनके घर पहुंचा था वो भी उसने किराए पर ले रखा था।

# अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को आठ विकेट से हराया, बाबर की टीम लगातार तीसरा मैच हारी




चेन्नई , विश्व कप के 22वें मैच में अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को आठ विकेट से हरा दिया है। यह इस विश्व कप का तीसरा उलटफेर है। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 282 रन बनाए और अफगानिस्तान ने दो विकेट खोकर 286 रन बना लिए और मैच जीत लिया।

**अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को हराया**

अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को आठ विकेट से हरा दिया है। इस विश्व कप का यह तीसरा बड़ा उलटफेर है। इससे पहले अफगानिस्तान ने इंग्लैंड को हराया था और दक्षिण अफ्रीका को नीदरलैंड के खिलाफ हार झेलनी पड़ी थी। इस मैच में पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट खोकर 282 रन बनाए थे। इसके जवाब में अफगानिस्तान ने 49 ओवर में दो विकेट खोकर 286 रन बना लिए और मैच आठ विकेट से अपने नाम कर लिया। पाकिस्तान के लिए बाबर ने 74 रन बनाए और अबदुल्लाह शफीक ने 58 रन की पारी खेली। वहीं, अफगानिस्तान के लिए इब्राहिम जादरान ने 87, रहमत शाह ने नाबाद 77 और रहमनुल्लाह गुरबाज ने 65 रन बनाए। कप्तान शहीदी ने नाबाद 48 रन बनाए।

पाकिस्तान के लिए बाबर आजम और अब्दुल्ला शफीक ने अर्धशतक लगाया। बाबर ने सबसे ज्यादा 74 रन बनाए। अब्दुल्लाह शफीक ने 58 रन की पारी खेली। आखिरी ओवरों में शादाब खान और इफ्तिखार अहमद ने शानदार बल्लेबाजी की और टीम को 282 रन तक पहुंचाया। दोनों ने 40-40 रनों का योगदान दिया। सऊद शकील ने 25 और इमाम उल हक ने 17 रन बनाए। मोहम्मद रिजवान आठ रन ही बना सके। शाहीन अफरीदी तीन रन बनाकर नाबाद रहे। अफगानिस्तान के लिए नूर अहमद ने तीन और नवीन उल हक ने दो विकेट लिए। मोहम्मद नबी और अजमतुल्लाह ओमरजई को एक-एक सफलता मिली।

283 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान ने शानदार शुरुआत की। गुरबाज और इब्राहिम ने पावरप्ले में ही 60 रन जोड़ लिए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 130 रन की साझेदारी की। गुरबाज 65 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद इब्राहिम ने रहमत शाह के साथ मिलकर 60 रन जोड़े। इब्राहिम 87 रन के स्कोर पर आउट हुए, लेकिन इसके बाद अफगानिस्तान का कोई विकेट नहीं गिरा। शहीदी और रहमत शाह ने तीसरे विकेट के लिए नाबाद 96 रन की साझेदारी कर अफगानिस्तान को ऐतिहासिक जीत दिला दी। किसी विश्व कप में पहली बार अफगानिस्तान की टीम दो मैच जीती है।

वहीं, वनडे में पहली बार पाकिस्तान को अफगानिस्तान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। अब पाकिस्तान की टीम लगातार तीन मैच हार चुकी है।

# भारतीय तेज गेंदबाजों ने डेथ ओवरों में पलटा मैच: डेरिल मिचेल



धर्मशाला, न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज डेरिल मिचेल ने अंतिम दस ओवरों में भारत की वापसी की सराहना की, जिससे मेजबान टीम ने चार विकेट से एक आसान जीत दर्ज की।

मोहम्मद शमी ने मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई, जिसमें शतक जडने वाल मिचेल का विकेट भी शामिल था।

भारतीय तेज गेंदबाजों के शानदार कमबैक से कीवी टीम 50 ओवरों में 273 रनों पर सिमट गई, जिसे भारत ने दो ओवर शेष रहते हासिल कर लिया और अपनी अजेय पारी बरकरार रखी।

डेरिल मिचेल ने कहा, हम जानते थे कि भारत के पास एक विश्व स्तरीय डेथ-बॉलिंग यूनिट है। हमने 30-35 ओवर तक मैच में अपनी पकड़ मजबूत रखी। हालांकि, अंत में मुझे लगा कि भारत ने जिस तरह से गेंदबाजी की वह स्पष्ट रूप से बहुत खास थी और यही कारण है कि हम मैच में काफी पीछे रह गए।

शमी तो शानदार थे ही, लेकिन साथ ही बुमराह-सिराज भी काफी अच्छे थे। जिस तरह से उन्होंने विकेट लिए और 40 ओवरों के आस-पास हमें हमें थोड़ा पीछे कर दिया वो शानदार कमबैक था।

मिचेल ने तेज गेंदबाजों और स्पिनरों के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करते हुए 127 गेंदों में 130 रन बनाए, जबकि रचिन रवींद्र के साथ 159 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की, जिन्होंने 75 रन बनाए। इन दोनों के प्रयासों के कारण, न्यूजीलैंड 34 ओवरों में 178/2 पर पहुंच गया। हालांकि, इसके बाद भारत ने शानदार कमबैक किया और कीवी टीम को 273 पर ऑलआउट कर दिया।

मिशेल ने अपनी 130 रन की पारी के दौरान नौ चौके और पांच छक्के लगाए, जो उनका पहला वनडे विश्व कप शतक भी है।

# आईपीएल 2024: राजस्थान रॉयल्स के साथ जुड़े शेन बॉन्ड, निभाएंगे दोहरी भूमिका



जयपुर, राजस्थान रॉयल्स ने सोमवार को घोषणा की कि न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज शेन बॉन्ड आईपीएल 2024 सीजन से पहले सहायक कोच और टीम के नए तेज गेंदबाजी कोच की दोहरी भूमिका में फ्रेंचाइजी में शामिल हो गए हैं।

आधुनिक समय के सबसे बेहतरीन तेज गेंदबाजों में से एक शेन बॉन्ड ने अतीत में 2012 से 2015 के बीच अपनी राष्ट्रीय टीम के लिए बॉलिंग कोच के रूप में काम किया था, जहां उन्होंने न्यूजीलैंड को 2015 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में पहुंचने में मदद की थी।इसके बाद उन्हें 2015 में आईपीएल में मुंबई फ्रेंचाइजी द्वारा नियुक्त किया गया, जिसने नौ सीजन् में चार खिताब जीतने में उनकी सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके मार्गदर्शन में कई तेज गेंदबाज, जिनमें जसप्रीत बुमराह, ट्रेंट बाउल्ट जैसे प्रसिद्ध नाम शामिल थे, जो अब टी20 विशेषज्ञों में बदल गए।न्यूजीलैंड के दिग्गज खिलाड़ी का फ्रेंचाइजी में स्वागत करते हुए राजस्थान रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा ने कहा, शेन आधुनिक क्रिकेट के महानतम तेज गेंदबाजों में से एक हैं और अपने साथ अनुभव और ज्ञान का खजाना लेकर आए हैं, जिन्होंने कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाडियों को मार्गदर्शन दिया है। उन्होंने आईपीएल और भारत में कई वर्षों तक काम किया है। वह ऐसे व्यक्ति हैं जिनकी सर्वश्रेष्ठ को और भी बेहतर बनाने में मदद करने की गहरी नजर है और हमें उनका स्वागत करते हुए खुशी हो रही है।

## एशियाई पैरा गेम्स: पुरुषों की उंची कूद टी47 में निषाद कुमार ने जीता गोल्ड

हांगझोऊ, निषाद कुमार ने सोमवार को यहां चौथे एशियाई पैरा गेम्स 2022 में पुरुषों की उंची कूद टी47 में नए एशियाई खेलों के रिकॉर्ड के साथ भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता।

जानकारी के अनुसार, निषाद कुमार ने 2.02 मीटर की छलांग लगाकर यह जीत दर्ज की। चीन की होंगजी चेन को रजत (1.94 मी.) मिला। भारत के राम पाल ने भी अपने पांचवें प्रयास में 1.94 मीटर की दूरी तय कर रजत पदक जीता।

इस बीच भारतीय पैरा-एथलीट मोनू घनगास ने पुरुषों के शॉट पुट-एफ-11 फाइनल में कांस्य पदक हासिल किया।

मोनू ने सीजन के अपने चौथे प्रयास में 12.33 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ पोडियम स्थान हासिल किया।

# प्लेइंग 11 पर नहीं, वर्ल्ड कप जीतने पर है फोकस: मोहम्मद शमी



धर्मशाला, मोहम्मद शमी विश्व कप 2023 के पहले चार मैचों के लिए भारत की प्लेइंग-11 में नहीं थे, लेकिन अनुभवी तेज गेंदबाज को जब मौका मिला तो उन्होंने अपने पहले मैच में ही शानदार प्रदर्शन किया और (5-54) के दमदार आंकड़े से भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मैच खत्म होने के बाद मोहम्मद शमी विश्व कप में दो बार पांच विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज भी बने। उन्होंने कहा कि उन्हें हमेशा लगता है कि टीम में प्लेइंग-11 का हिस्सा न होने पर परेशान नहीं होना चाहिए और नाही यह सोचना चाहिए कि हम में कुछ कमी है।

शमी ने कहा, सभी विकेट अच्छे हैं। जब आप देश के लिए खेलते हैं तो मुझे लगता है कि हर विकेट आपके लिए महत्वपूर्ण है। वैसे भी मुझे कोई विशेष विकेट अधिक पसंद नहीं है। मैं अपने सभी विकेटों का आनंद लेता हूं।

लेकिन अगर आपकी टीम प्रदर्शन कर रही है, तो मुझे नहीं लगता कि आपको बाहर बैठकर दोषी महसूस करना चाहिए। क्योंकि आप भी टीम का हिस्सा हैं और वर्ल्ड कप का हिस्सा भी हैं। मुझे लगता है कि सभी को एक-दूसरे की सफलता का आनंद लेना चाहिए।

शमी 2013 में अपने डेब्यू के बाद से भारतीय टीम के अभिन्न सदस्य रहे हैं, लेकिन हार्दिक पांड्या, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के प्लेइंग-11 में होने के कारण उन्हें बाहर बैठना पड़ा।

हार्दिक के बाएं टखने की चोट के कारण बाहर हैं और शमी भारत के तेज गेंदबाजी विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए शार्दुल ठाकुर की जगह टीम में शामिल हुए, और उन्होंने अपने दमदार प्रदर्शन से एक यादगार कमबैक किया।

## फिल्मी दुनियां

# सिंघम अगेन से टाइगर श्रॉफ का लुक जारी, धांसू अवतार में नजर आए अभिनेता




रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई है. ये सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है जिसका फैंस को बेसब्री से इंतजार है. रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स में नए ऑफिसर्स शामिल होते जा रहे हैं. हाल ही में दीपिका पादुकोण के लुक से पर्दा हटाया गया था. लेडी सिंघम को देख फैंस काफी एक्साइटेड हो गए थे. अभी वो एक्साइटमेंट खत्म नहीं हुई थी कि अक्षय कुमार ने फैंस को नए एसीपी ने इंट्रोड्यूस करवा दिया है. ये नए एएसपी टाइगर श्रॉफ है.

सिंघम अगेन में अब टाइगर श्रॉफ की भी एंट्री हो गई है. वह एसीपी सत्या के किरदार में नजर आएंगे. अक्षय कुमार ने पोस्ट शेयर करके इस बात की जानकारी दी है.अक्षय कुमार ने टाइगर के लुक की कई तस्वीरें शेयर की हैं. जिसमें वह अपनी टोन्ड बॉडी फ्लॉन्ट करते नजर आ रहे हैं. वहीं एक हाथ में उन्होंने गन पकड़ी हुई है. अक्षय ने फोटोज शेयर करते हुए लिखा-दूसरी माँ से अपने भाई का स्वागत करता हूं. टाइगर श्रॉफ बतौर एसीपी सत्या.टाइगर श्रॉफ को कॉप यूनिवर्स का हिस्सा बनता देख फैंस बहुत खुश हैं. वह अक्षय के पोस्ट पर ढेर सारे कमेंट कर रहे हैं. एक ने लिखा- ब्लॉकबस्टर लोडिंग. वहीं दूसरे ने लिखा- सुपर. एक ने लिखा- सिंघम अगेन हैवी कास्टिंग है रे बाबा. 500 करोड़ सिंघम अगेन.

हाल ही में सिंघम अगेन से दीपिका पादुकोण का लुक रिवील किया गया है. अक्षय ने दीपिका का लुक शेयर करते हुए लिखा था- अपनी लेडी सिंघम को इंट्रोड्यूस करते हैं मिलिए शक्ति शेट्टी से.वर्कफ्रंट की बात करें टाइगर श्रॉफ की फिल्म गणपत 20 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है. इस फिल्म में टाइगर के साथ कृति सेनन और अमिताभ बच्चन लीड रोल में नजर आने वाले हैं.

# नियॉन कलर की ड्रेस पहन मौनी रॉय ने दिए सेक्सी पोज



बी-टाउन की ग्लैमरस और खूबसूरत अभिनेत्री मौनी रॉय आए दिन अपनी कातिलाना अदाओं से फैंस का दिल मचलती रहती हैं। उनका हर कातिलाना अवतार सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस अपने लेटेस्ट फोटोशूट से सभी फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। इन तस्वीरों में उनका सिजलिंग अवतार देखकर फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं। मौनी रॉय हमेशा अपनी फिटनेस और हॉटनेस के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक कातिलाना अदाओं पर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टा पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वो बेहद हॉट लग रही हैं। मौनी रॉय जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो अक्सर अपनी अदाओं से इंटरनेट का पारा बढ़ा देती हैं। इन तस्वीरों में मौनी रॉय ने नियॉन कलर की स्टाइलिश बॉडीफिटेड आउटफिट पहना हुआ है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही सिजलिंग और हॉट लुक्स में किलर पोज देते हुए कैमरे के सामने अपना फिगर फ्लॉन्ट करती हुई दिखाई दे रही हैं।

हालांकि उनके कर्वी फिगर को देख फैंस की नजरें उन पर से हटना मुश्किल हो गई है। हर कोई उनके इस लुक का दीवाना हुआ जा रहा है।

बता दें कि एक्ट्रेस मौनी रॉय का हर एक लुक फैंस के बीच चर्चाओं का विषय बना रहता है। साथ ही फैंस उनका ये ड्रेसिंग सेंस देखकर उनसे टिप्स भी मांगते नजर आ रहे हैं।

# बड़े मियां छोटे मियां को 25 साल पूरे, रवीना ने की फिल्म के सीक्वल पर बात



करण जौहर की कुछ कुछ होता है के साथ 1998 में आई फिल्म बड़े मियां छोटे मियां को भी दर्शकों ने काफी पसंद किया था।इसमें गोविंदा, अमिताभ बच्चन और रवीना टंडन मुख्य भूमिकाओं में थे।16 अक्टूबर को इस फिल्म ने अपनी रिलीज के 25 साल पूरे कर लिए हैं।अब इस बीच रवीना ने खुलासा किया है कि उन्होंने इस फिल्म के लिए ऑडिशन नहीं दिया था। इसके अलावा उन्होंने फिल्म के सीक्वल पर भी बात की।

रवीना ने कहा, मैंने फिल्म के लिए कोई ऑडिशन नहीं दिया था। उस वक्त हर कोई मुझे और मेरे काम को जानता था। मैं फिल्म के निर्देशक डेविड धवन सर के साथ काम करना चाहती थी और वो मेरे साथ।उन्होंने आगे कहा, फिल्म बड़े मियां छोटे मियां एक बेहतरीन फिल्म थी और मुझे इसका हिस्सा बनना था। मैं गोविंदा और अमिताभ के साथ पहले भी काम कर चुकी थी।

बड़े मियां छोटे मियां के सीक्वल बनने पर रवीना ने कहा, मुझें नहीं पता, लेकिन मुझे लगता है कि सीक्वल के लिए अभी बहुत देर हो चुकी है। बाकी जैसे निर्माता चाहें।इसके साथ रवीना ने बताया कि फिल्म के 2 गानों किसी डिस्को में जाए और मखना को काफी प्यार मिला था। जब सिनेमाघरों में यह गाना बजता था तो लोग खूब नाचते थे और सिक्के भी फेंकते थे।

# सौंदर्या शर्मा' शाहरुख, अजय देवगन और अक्षय के साथ एक साथ स्क्रीन शेयर करने वाली पहली अभिनेत्री बनी



सौंदर्या शर्मा इस समय सभी सही कारणों से इंटरनेट पर धूम मचा रही हैं। यह अभिनेत्री अपनी सुंदरता और प्रतिभा के लिए जानी जाती है, लेकिन अब हर गुजरते दिन के साथ, वह जबरजस्त उपलब्धियां हंसिल रही है!सौंदर्या शर्मा आधिकारिक तौर पर शाहरुख खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन की सुपरस्टार तिकड़ी के साथ एक ही साथ स्क्रीन साझा करने वाली पहली अभिनेत्री हैं।यह खूबसूरत अभिनेत्री 'विमल इलायची' ब्रांड के एक विज्ञापन का हिस्सा है और जैसी कि उम्मीद थी, यह वीडियो कुछ ही समय में इंटरनेट और सोशल मीडिया पर हर जगह वायरल हो गया। सौंदर्या शर्मा जैसी उत्कृष्ठ प्रतिभा को लिए ये सही मंच है और उनके सभी प्रशंसकों को उनकी इस अनूठी उपलब्धि के लिए उन पर बहुत गर्व है।उसी के बारे में, सौंदर्या शर्मा बताती हैं की, हमारे देश के तीन सुपरस्टारों के साथ एक ही स्क्रीन स्पेस साझा करने का सौभाग्य मिला उसके लिए में आभारी हूँ।बी-टाउन के तीन सुपरस्टार्स के साथ अभिनय करने के लिए चुनी गई एकमात्र लडकी होना कोई आसान काम नहीं है और इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि सौंदर्या की इस सफलता को हाँसिल करने के लिए वास्तव में कठिन समय का सामना करना पड़ा होगा।

**जयन्त**

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

-सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382-222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com